www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...


राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 27 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -232 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



राज्य में अच्छे बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव जीतेंगी... 02
■ केंद्र के निशाना बनाने के बावजूद आप बनी राष्ट्रीय पार्टी..
■ ट्यूबवेलों पर सर चार्ज लगाने के खिलाफ ग्रामीण... 03
■ सिख श्रद्धालु गुरु नानक की जयंती मनाने पाकिस्तान...
■ बाइडेन को और अमेरिकी बंधकों की रिहाई की उम्मीद 07
डिस्टिंक्टिव इंटरनेशनल अरब फेस्टिवल अवार्ड्स में... 10

## सार संक्षेप

### सवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे भाजपा-संघ : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की जीवन रेखा बताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश की जनता के संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। श्री खड़गे ने संविधान दिवस पर आज अपने संदेश में कहा भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की जीवन रेखा है। हम 74वें संविधान दिवस को मनाते हुए इसके निर्माताओं के कृतज्ञ हैं।

### जीवन बचाने से कम नहीं है जल संरक्षण : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जल सुरक्षा' को 21वीं सदी की बहुत बड़ी चुनौतियों में से एक बताते हुए कहा है कि जल का संरक्षण करना जीवन को बचाने से कम नहीं हैं। श्री मोदी ने रविवार को अपने रेड़ियो प्रसारण 'मन की बात' में कहा, 21वीं सदी की बहुत बड़ी चुनौतियों में से एक है 'जल सुरक्षा'। जल का संरक्षण करना, जीवन को बचाने से कम नहीं हैं। जब हम सामूहिकता की इस भावना से कोई काम करते हैं तो सफलता भी मिलती है।

### पैरा गेम्स के लिए लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच



**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को पैरा खेलों का पहला एडिशन, लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को खेलो इंडिया का उद्घाटन होगा। 10 से 17 दिसंबर तक राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियमों, आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जेएलएन स्टेडियम में सात स्पर्धाओं में पैरा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### लद्दाख में होगा दक्षिण पूर्व एशिया का पहला अभ्यारण्य



**नई दिल्ली।** लद्दाख में शीघ्र ही दक्षिण पूर्व एशिया का पहला अभयारण्य होगा। अभयारण्य की स्थापना भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान बेंगलुरु के सहयोग से की जा रही है। यह भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से संबद्ध है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने दी।

### जम्मू-कश्मीर के उरी में लश्कर के 3 आतंकी धरे

**श्रीनगर।** रविवार सुबह उरी में झूला फुट ब्रिज के पास सुरक्षाबलों की जॉइंट नाका चेकिंग के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी पकड़े गए। सर्च के दौरान इनके पास से 3 चीनी ग्रेनेड और ढाई लाख रुपए कैश भी मिला है। उरी पुलिस स्टेशन में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

---

संविधान दिवस पर बोले चीफ जस्टिस चंद्रचूड़

# अदालतों में जाने से न डरें जनता

## चीफ जस्टिस ने कहा, अदालतों को अंतिम उपाय के तौर पर नहीं देखना चाहिए

**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड ने रविवार को संविधान दिवस के मौके पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अब तक 'लोगों की अदालत' के तौर पर काम किया है और नागरिकों को न तो कोर्ट आने से डरना चाहिए और न ही उन्हें इसे अंतिम उपाय के तौर पर देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस से जुड़े कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीजेआई चंद्रचूड ने कहा कि जिस तरह संविधान लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के जरिए हमें राजनीतिक मतभेदों को खत्म करने में मदद करता है। उसी तरह कोर्ट की प्रणाली हमें स्थापित सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के जरिए कई तरह की असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है। इसलिए हम कह सकते हैं कि कोर्ट में हर केस संवैधानिक शासन का विस्तार है। इस कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण से हुई। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना मौजूद रहे। इसके अलावा कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहे।

**जिस तरह संविधान लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के जरिए हमें राजनीतिक मतभेदों को खत्म करने में मदद करता है। उसी तरह अदालतें कई तरह की असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है : डीवाई चंद्रचूड़**

चीफ जस्टिस ने अपने संबोधन में कहा, पिछले सात दशकों में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों की अदालत के तौर पर काम किया है। हजारों लोग इस संस्थान में न्याय पाने के भरोसे के साथ इसके दरवाजे तक आए हैं।



**सुप्रीम कोर्ट ने 'लोगों की अदालत' के तौर पर काम किया**

उन्होंने कहा कि नागरिक कोर्ट में अपनी निजी आजादी, जवाबदेही, गैरकानूनी गिरफ्तारी, बंधुआ मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, आदिवासी अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए, मैला ढोने जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए और यहां तक कि साफ हवा हासिल करने के लिए दखल देने की उम्मीद के साथ तक आते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने चिट्ठी-पत्रियों का भी लिया है संज्ञान**

सीजेआई ने कहा कि यह केस सिर्फ कोर्ट के लिए आंकड़े नहीं हैं। यह मामले बताते हैं कि लोग सुप्रीम कोर्ट से क्या उम्मीद करते हैं और खुद कोर्ट की नागरिकों को न्याय देने की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट शायद दुनिया की एकमात्र कोर्ट है, जहां नागरिक सिर्फ मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखकर संवैधानिक मशीनरी को चालू करा सकते हैं।

### न्याय को सर्वसुलभ बनाने की जरूरतः मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश में सामान्य नागरिकों को न्याय मिलने में आज भी कई तरह की बाधाएं व्याप्त होने की चर्चा करते हुए कहा कि न्याय को सर्वसुलभ बनाना ही इसके उद्येश्यों को पूरा करने का बससे अच्छा तरीका है। श्रीमती मुर्मु ने देश में योग्यता के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा पर विचार किए जाने का भी सुझाव दिया। राष्ट्रपति ने कहा, न्याय का उद्देश्य, इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर सर्वोत्तम तरीके से पूरा किया जा सकता है। इससे समानता को भी बल मिलता है।

### कानूनों को सरल बनाने की जरूरत : जस्टिस खन्ना

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि कानूनों को सरल, सुलभ, अधिक मानवीय और युवा पीढ़ी से संबंधित बनाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला एक जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने सभी से मजबूत संकल्प, एकता और आशावाद के साथ आगे बढ़ने का अनुरोध किया।

---

केसीआर सरकार पर राहुल ने साधा निशाना

# भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना में है

## कांग्रेस नेता ने पूछा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की

**एंडोला,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर सभी दल जोर अजमाइश कर रहे हैं। तमाम दलों के नेता लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी लगातार चुनावी रैलियां आयोजित कर रहे हैं। इसी बीच, तेलंगाना के एंडोला में एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने सत्तारूढ़ दल बीआरएस और भाजपा को जमकर घेरा।

रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की। आपके राज्य के विधायक ही दलित बंधु योजना में कटौती कर रहे हैं। भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना राज्य में ही है। मुझे बताते हुए दुख हो रहा है कि इसका खामियाजा सिर्फ तेलंगाना के लोगों को ही झेलना पड़ा। चुनावी रैली में राहुल गांधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा, हमने लोगों से छह वादे किए हैं। उन्होंने कहा, आप सभी को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। तेलंगाना में हमारी सरकार आते ही महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सौगात मिलेगी।



### कांग्रेस-बीआरएस एक-दूसरे की कार्बन कॉपी : मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के तुरपान में एक जनसभा के दौरान कहा- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान, तीनों राज्यों में मतदान हो चुका है और मैंने तीनों राज्यों में देखा है कि इंडिया गठबंधन साफ हो जाएगा। वहां की महिलाएं, वहां के किसान, वहां के जवान कांग्रेस पार्टी को जड़ों से उखाड़ फेंकने वाले हैं। कांग्रेस और बीआरएस दोनों की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण और खराब कानून व्यवस्था से है। ये दोनों पार्टियां एक-दूसरे की कार्बन कॉपी हैं।

---



दिल्ली में प्रकाश पर्व पर की पूर्व संध्या पर रोशनी से नहाया बंगला साहिब गुरुद्वारा। सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक साहब के जन्मदिन को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। रविवार को दिल्ली में नगर कीर्तन भी निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

---

# 100 घंटे में मजदूरों तक पहुंचने की उम्मीद

## सिल्क्यारा टनल मामला

**उत्तरकाशी,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी की सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए शुक्रवार से बंद पड़ा बचाव अभियान आज फिर से शुरू हो गया है। मजदूरों तक पहुंचने के लिए अब पहाड़ की चोटी से वर्टिकल ड्रिलिंग की जा रही है। अब तक 15 मीटर से ज्यादा खुदाई हो चुकी है।

**मलबा गिरने की आशंका**

अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई रुकावट नहीं आई तो हम 100 घंटे में मजदूरों तक पहुंच जाएंगे। वर्टिकल ड्रिलिंग के तहत पहाड़ में ऊपर से नीचे की तरफ बड़ा होल करके रास्ता बनाया जाएगा। हालांकि इसमें काफी खतरा है, क्योंकि खुदाई के दौरान बड़ी मात्रा में मलबा गिरने की आशंका है। ड्रिलिंग में कितना समय लगेगा, इस बारे में भी कुछ नहीं कहा गया है। टनल में फोन की लैंडलाइन भी डाली जाएगी। इससे मजदूर अपने परिवार से बात कर सकेंगे। उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि अंदर फंसे सभी श्रमिक सकुशल हैं। सभी श्रमिक हिम्मत बनाए हुए हैं। श्रमिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन, एवं अन्य आवश्यक सामग्री मौजूद है।



### मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया

टनल में फंसे मजदूरों तक पहुंचने के लिए अमेरिकन ऑगर मशीन के जरिए खुदाई करके रेस्क्यू पाइप डाले जा रहे थे। शुक्रवार को मजदूरों की लोकेशन से महज 10 मीटर पहले मशीन की ब्लेड्स टूट गई थीं। इस वजह से रेस्क्यू रोकना पड़ा था। इसके बाद मशीन के बजाय मैन्युअल ड्रिलिंग कराने का फैसला किया गया। मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया गया है।

---

# चंडीगढ़ बॉर्डर पर किसानों ने आंदोलन किया शुरू

■ किसानों ने चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में इकट्ठा होना शुरू किया

■ एमएसपी की कानूनी गारंटी व अन्य मांगों को लेकर हो रहा प्रदर्शन



**चंडीगढ़,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब और हरियाणा के हजारों प्रदर्शनकारी किसान रविवार को अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन के तहत दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में इकट्ठा होना शुरू कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि वे लंबी यात्रा के लिए तैयार होकर आए हैं। उनमें से कई लोग अपने ट्रैक्टर-ट्रेलरों पर सब्जियां, आटे और दाल की बोरियां और खाना पकाने का तेल साथ लाए थे। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तहत किसान यूनियनों ने किसानों के ऐतिहासिक 'दिल्ली चलो' आंदोलन की तीसरी वर्षगांठ और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी जैसी मांगों को पूरा न करने पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। इस बार उसने चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा के राजभवनों के सामने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए 'चंडीगढ़ चलो' आंदोलन दिया है।

**पुलिस ने सीमाएं सील की**

प्रदर्शनकारी किसान, जिनमें पुरुष और महिलाएं - युवा और बूढ़े दोनों - और ट्रैक्टर-ट्रेलर, कारों और मोटरसाइकिलों पर सवार स्कूल और कॉलेज के छात्र शामिल हैं, पंजाब में मोहाली और हरियाणा में पंचकुला की सीमाओं पर इकट्ठा हो रहे हैं। किसानों के चंडीगढ़ में जबरन प्रवेश को रोकने के लिए सीमाएं सील कर दी गई हैं।

---

चीन में 'रहस्यमयी बीमारी' के बाद केंद्र ने जारी किए दिशा निर्देश

# श्वसन संबंधी बीमारियों पर राज्यों को सतर्कता बरतने की सलाह

**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने चीन में बच्चों की श्वसन संबंधी बीमारियों की स्थिति को देखते हुए देश में राज्यों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है और कोविड संशोधित निगरानी दिशानिर्देश लागू करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि चीन में लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति के मद्देनजर श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने को लेकर तैयारियों के उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है।

■ कोविड संशोधित निगरानी दिशा निर्देश लागू करें

■ बच्चों और किशोरों पर विशेष ध्यान देने को कहा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल के सप्ताहों में उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि के मद्देनजर सावधानी बरतने और श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए तैयारियों के उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मंत्रालय के अनुसार मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि हुई है। सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

---

# उप्र विधानसभा में बसपा कांग्रेस से बड़ा छिना कार्यालय

**लखनऊ,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बसपा और कांग्रेस को कार्यालय की जगह अब केबिन आवंटित किया गया है।



**अब दोनों पार्टियों को छोटा केबिन मिलेगा**

लंबे अरसे से विधानसभा में बसपा और कांग्रेस को बड़ा कक्ष आवंटित था। अब बसपा और कांग्रेस कार्यालय को मिलाकर सपा कार्यालय को बड़ा किया गया है। दोनों दलों को लोक दल, सुभासपा कार्यालय के पास केबिन आवंटित किया गया है। कार्यालय छीनने पर कांग्रेस और बसपा के नेताओं ने नाराजगी जताई है। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने कहा कि दोनों दलों के लिए नए ऑफिस बनाए जाएंगे।

---

**मौसम** *दिल्ली-एनसीआर में बारिश का पूर्वानुमान*

# देश के कई हिस्सों में बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलता दिख रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों में देश के कुछ हिस्सों में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। बारिश की आशंका के साथ कुछ शहरों में ठंड बढ़ने के भी आसार हैं। उत्तराखंड में 28 नवंबर को बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले तीन दिनों तक बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके चलते उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग व पिथौरागढ़ समेत कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं।

**दिसम्बर से पड़ेगी कड़ाके की ठंड**

दिसंबर के पहले हफ्ते से ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड में अगले तीन दिन बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि अभी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण के कारण भी जनता हलकान है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोग अभी भी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (नोएडा) और दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियों और गाड़ियों की भरमार के कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार चिंताजनक बना हुआ है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर के साथ लगभग आधे केंद्रों पर एक्यूआई गंभीर श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक आईटीओ पर 410, मंदिर मार्ग पर 407, पंजाबी बाग पर 442, नार्थ कैंपस में 419, नेहरू नगर में 430, पटपड़गंज में 436, अशोक विहार में 448, सोनिया विहार में 440, जहांगीरपुरी में 459, रोहिणी में 434, विवेक विहार में 450, ओखला में 410, वजीरपुर में 469, बवाना में 441, मुंडका में 435, आनंद विहार में 433 और बुराडी में 410 एक्यूआई दर्ज किया गया।



■ उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में भी बारिश के आसार

# देश

**उवाच**

"केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह राठौड़ राजस्थान से होने के बावजूद भी उन्होंने प्रदेश की जनता के हित में कोई रुचि नहीं ली, जो कि भाजपा की नीति और नीयत में फर्क को दर्शाता है। इससे यह साबित होता है कि मोदी कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं।"

–मनीष तिवारी, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 15.0 |
| मुंबई | 30.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# रायथु बंधु योजना का राजनीतिक लाभ उठा रही बीआरएस : कांग्रेस

■ बीआरएस के खिलाफ रायथु योजना पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत

■ चुनाव आयोग की ओर से दी गई अनुमति का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप

■ रायथु बंधु का शाब्दिक अर्थ है किसान का मित्र

**हैदराबाद,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने रविवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी की ओर से कृषि निवेश सहायता योजना यानी रायथु बंधु योजना का दुरुपयोग करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई। ईसीआई को संबोधित एक पत्र में निरंजन ने कहा कि चुनाव आयोग ने पिछले शुक्रवार को राज्य सरकार को रायथु बंधु योजना के तहत किसानों को राशि वितरित करने की अनुमति दी थी। उन्होंने दावा किया कि बीआरएस पार्टी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस योजना का फायदा उठा रही है। पत्र की प्रति यहां मीडिया को भी जारी की गई।

निरंजन ने जोर देकर कहा कि बीआरएस नेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए रायथु बंधु योजना का उपयोग एक उपकरण के रूप में कर रहे हैं। साथ ही झूठा दावा कर रहे हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से संवितरण का वित्तपोषण कर रहे थे। उन्होंने बीआरएस पार्टी के उन आरोपों का भी खंडन किया है कि कांग्रेस ने वितरण प्रक्रिया में बाधा डाली। गौरतलब है कि महबूबाबाद और अलेरू में एक चुनाव प्रचार के दौरान मंत्री टी. हरीश राव ने कांग्रेस पार्टी पर बाधाएं पैदा करने का



आरोप लगाया और देरी के लिए उनके हस्तक्षेप को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने प्रति संवितरण 7500 करोड़ रुपए की तैयार राशि के साथ संवितरण की अनुमति दी थी। राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए यह बहुत जरूरी है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग हमारे जवाब पर तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उचित कार्रवाई करेगा।

रायथु बंधु किसानों के लिए पहली नकद हस्तांतरण योजना, 2018-19 में तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। रायथु बंधु किसानों के लिए पहली नकद हस्तांतरण योजना, 2018-19 में तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। रायथु बंधु का शाब्दिक अर्थ है किसान का मित्र। बता दें कि गत दिनों चुनाव आयोग ने तेलंगाना में यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दी है। राज्य कृषि विभाग के बयान के अनुसार चुनाव आयोग ने यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दी। हर साल, जैसे ही मानसून का मौसम और यासंगी का मौसम शुरू होता है, तेलंगाना राज्य सरकार किसानों को फसल निवेश के लिए वित्तीय सहायता के रूप में रायथुबंधु फंड जारी करती है।

### बीआरएस पर प्रतिबंध लगाने का किया आग्रह

टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन ने चिंता व्यक्त की कि चुनाव आयोग की ओर से दी गई उदार अनुमति का बीआरएस पार्टी द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए, मैंने ईसीआई से बीआरएस पार्टी पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है, जिससे उन्हें अपने राजनीतिक अभियान में रायथु बंधु संवितरण का उल्लेख करने से रोका जा सके। उन्होंने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इस कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। निरंजन ने अपने पत्र में कहा कि हम आपसे बीआरएस पार्टी पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करते हैं, उनके राजनीतिक प्रचार में रायथु बंधु संवितरण का उल्लेख न करें।

## छत्तीसगढ़ में मतगणना की तैयारियां शुरू

**रायपुर,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में मतदान की गणना होने में कुछ ही दिन बचे हैं। कांग्रेस भाजपा दोनों ही राजनीतिक पार्टी ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए अपने-अपने कार्यकर्ताओं का ड्यूटी लगाई है। कांग्रेस पार्टी मतगणना के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। पार्टी के



सभी मतगणना एजेंट्स (अभिकर्ता) ट्रेनिंग दी जाएगी। तीन दिसंबर को होने वाले गिनती के लिए कांग्रेस पार्टी ने मतगणना एजेंट्स को ट्रेनिंग देगी। इसके लिए सभी एजेंट्स को इसकी जानकारी दे दी गई है। मतगणना के समय सभी अभिकर्ता को अलर्ट रहने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश से मास्टर ट्रेनर भेजे जाएंगे। इससे सभी एजेंट्स अलर्ट रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस ने 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की तैयारी को लेकर सभी जिला संगठन मुख्यालय में विधानसभा वार मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण देने निर्देश दिए हैं। 27 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मतगणना अभिकर्ता ट्रेनिंग कार्यक्रम होंगे। मतगणना अभिकर्ताओं को ट्रेनिंग देने के लिए प्रदेश से मास्टर ट्रेनरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो विधानसभावार मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना से संबंधित जानकारी देंगे।

# राजस्थान में मतदान के बाद चुनावी शोर थमा, अब फैसले का इंतजार

**जयपुर,**26 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा का चुनावी शोर रविवार को समाप्त हो गया। लगातार चल रहे चुनाव प्रचार के बाद शनिवार को मतदान के बाद चुनावी शोर शांत हो गया है। अब फैसले का इंतजार हो रहा है। मतदान कार्यक्रम संपन्न होने के बाद निर्वाचन आयोग ने 690 करोड़ रुपए का एक आंकड़ा साझा किया। आयोग ने बताया कि यह राशि चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए खर्च की जाने की तैयारी थी। इसके अलावा शराब, मादक पदार्थ और मुफ्त में दिया जाने वाला सामान जब्त किया गया है। आयोग के अनुसार विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए कुल 690 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जब्त की है। नकदी के अलावा शराब, मादक पदार्थ और वोटरों को लुभाने के लिए मुफ्त में दिया जाने वाला सामान भी जब्त किया गया है। आयोग ने पिछले आंकड़ों से इस बार की तुलना की तो पाया कि ये आंकड़ा 970 प्रतिशत अधिक है। राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 में जयपुर जिले के 19 विस क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 75.91 से ज्यादा दर्ज किया गया है जो विधानसभा चुनावों में जिले में अब तक का सर्वाधिक मतदान है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 38 लाख 34 हजार 407 मतदाताओं ने ईवीएम के जरिये, 7 हजार 50 मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिए, लगभग 26 हजार 293 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया है, इस प्रकार जयपुर जिले लगभग 38 लाख 67 हजार 750 से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा



**चुनाव आयोग ने 690 करोड़ की नगदी, शराब व मादक पदार्थ किए जब्त**

चुनाव-2023 के तहत शनिवार को हुए मतदान में जिले में ईवीएम के जरिए 38 लाख 34 हजार 407 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 20 लाख 23 हजार 140 पुरुष मतदाता, 18 लाख 11 हजार 225 महिला मतदाता एवं 42 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार 76.08 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं, 74.35 महिला मतदाताओं एवं 56.58 प्रतिशत ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 77.38 प्रतिशत, विराटनगर में 76.49 , शाहपुरा में 84.81, चौमूं में 84.41, फुलेरा में 78.36 प्रतिशत, दूदू में 79.30 , झोटवाड़ा में 72.21 , आमेर में 78.20 एवं जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 77.18 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## सार संक्षेप

### हैदराबाद के नवाब मीर नजफ कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद के प्रिंस हाशम जाह बहादुर के पुत्र नवाब मीर नजफ अली खान रविवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। मीर नजफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा गांधी परिवार के साथ हमारा जुड़ाव चार पीढ़ियों से है और आज हम पार्टी में आधिकारिक रूप से शामिल हो गए।

### प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले की आठ विस सीटों के लिए मतगणना एवं संग्रहण केंद्र मोहनलाल सुखाड़िया विवि परिसर में तैयार किए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम को संग्रहित कर कमरे सील किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में देर रात तक विभिन्न अधिकारी मौके पर डटे रहे। जिले के आठ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के बाद देर शाम से मतदान दलों के लौटने का क्रम शुरू हो गया। जिला मुख्यालय तथा आसपास के केंद्रों से मतदान दल पहले पहुंचे।

### बंगाल भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**कोलकाता।** भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने एक सार्वजनिक बैठक में जिला स्तर के तृणमूल कांग्रेस नेता की हालिया टिप्पणी, जहां उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की थी, के खिलाफ यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के माध्यम से भारत चुनाव आयोग से संपर्क किया है। भाजपा के तीन नेताओं, सिसिर बाजोरिया, अभिजीत दास और प्रताप बंदोपाध्याय ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात लोकसभा क्षेत्र के लिए तृणमूल कांग्रेस के संगठनात्मक जिला अध्यक्ष रत्ना विश्वास पर बांग्लादेशी से पूछने का आरोप लगाते हुए पं.बंगाल के सीईओ कार्यालय को शिकायत भेजी है। उक्त लोकसभा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को यथाशीघ्र मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की गई है।

### महिलाकर्मियों के हाथों में मतगणना की जिम्मेदारी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में निर्वाचन आयोग ने मतगणना से जुड़ी सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली हैं। इस बार पहली बार महिलाकर्मियों को मतगणना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले की तीनों विधानसभाओं बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट की गणना 16 से 18 राउंड में की जाएगी। इस दौरान 14 टेबल लगाए जाएंगे और प्रत्येक टेबल पर भाजपा- कांग्रेस के 14-14 एजेंट मौजूद रहेंगे।

# राजस्थान में वोट प्रतिशत बढ़ने से राजनीतिक दलों में बढ़ी टेंशन

**जयपुर,**26 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव की प्रदेशभर में वोटिंग के बाद कई जगह मत प्रतिशत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पिछली बार के चुनाव से तुलना की जाए तो इस बार मतदान प्रतिशत आगे ही रहा है। इस बार 74 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई है। बढ़े हुए वोट प्रतिशत से राजनीतिक दलों की परेशानी बढ़ गई है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में लोगों ने घर से निकलने में काफी रुचि दिखाई है। अब प्रदेश की दो हॉट सीट नागौर और शिव सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने वाला है। नागौर सीट पर इस बार मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। भाजपा से ज्योति मिर्धा और कांग्रेस से हरेन्द्र मिर्धा के तो मैदान में हैं ही साथ ही हबीबुर्रहमान ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक रखी है। पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान कांग्रेस के टिकट के दावेदार थे, लेकिन उनको टिकट नहीं मिल पाया था, जिस कारण वो बागी हो गए। बता दें कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी से मोहनराम चौधरी ने आईएनसी के हबीबउर्रहमान को 13 हजार वोटों के मार्जिन से हराया था। विशेषज्ञों के अनुसार मतदान प्रतिशत से अनुमान लगाया जा सकता है कि ऊंट किस करवट बैठ सकता है। पिछले पांच विस चुनावों के आंकड़े देखे जाएं तो ऐसा अनुमान है कि जब-जब प्रदेश में वोटिंग परसेंटेज में कमी आई है, तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही है। वहीं मतदान का प्रतिशत बढ़ता है तो भाजपा को लाभ मिलता है। वैसे तो इस बार के मतदान प्रतिशत में अभी फाइनल आंकड़ा जारी नहीं हुआ है, फिर भी अब तक तो प्रतिशत में उछाल देखा जा रहा है, लेकिन हॉट सीटों में उतार-चढ़ाव दोनों देखे जा रहे हैं।

**नागौर व शिव सीट के त्रिकोणीय रण में बागी बन सकते हैं खतरा**

केसीआर का खानापुर में आयोजित आशीर्वाद जनसभा में दावा

# राज्य में अच्छे बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव जीतेगी बीआरएस

**हैदराबाद,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को खानापुर में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस अच्छे बहुमत के साथ आ रही है। पूर्व में 1956 तक यह राज्य हैदराबाद के नाम से हमारा ही था।

कांग्रेस सरकार के दौरान हैदराबाद में सिटी कॉलेज के पास सात छात्रों को गोली मार दी गई और इस राज्य को जबर्दस्ती आंध्र में विलय कर दिया गया। कांग्रेस के नेताओं ने इस पर चुप्पी साध ली। वे इस विषय पर कुछ नहीं बोले। कांग्रेस की गलती के कारण तेलंगाना के सभी लोग 58 वर्षों तक सूखा पीड़ित रहे। पिछली सरकारों के दौरान राज्य में न बिजली थी, न ताजा पानी, न सिंचाई का पानी। हमें अपना तेलंगाना दोबारा पाने में 58 साल लग गए। ये कोई सामान्य बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी हमारा देश उतना परिपक्व नहीं हो पाया है। अन्य विकसित देश प्रगति कर रहे हैं। अगर सभी लोग अपने-



**पिछली सरकारों के कारण 58 वर्षों तक सूखा पीड़ित रही तेलंगाना की जनता : के.चंद्रशेखर राव**

अपने गांव में कुछ अच्छा और कुछ बुरा की चर्चा करें.. तो आपको पत्थर और रत्न के बीच अंतर पता चल जाएगा। आप जॉनसन नाइक को भारी बहुमत से चुनाव जिताएं। उम्मीदवारों के पीछे की पार्टियों की खूबियों, खासकर उनके पिछले इतिहास पर गौर करना चाहिए। यह देखा जाना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे तो संबंधित दलों ने गरीबों, किसानों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के प्रति क्या रवैया अपनाया था। अगर वोट का इस्तेमाल समझदारी से किया जाए तो अच्छी चीजें होती हैं। अगर दुरुपयोग किया तो अगले पांच साल भुगतना पड़ेगा। बीआरएस का जन्म तेलंगाना की उपलब्धि और लोगों के अधिकारों के लिए हुआ था।

केसीआर ने कहा कि हमने तेलंगाना में लड़कियों के लिए कल्याण लक्ष्मी/ शादी मुबारक को इस तरह से रखा है, जिसके बारे में इतिहास में किसी भी प्रधान मंत्री या मुख्यमंत्री ने कभी नहीं सोचा होगा। हम गरीब परिवारों के बच्चों को कल्याणलक्ष्मी/ शादी मुबारक योजना के तहत 1,00,116 रुपये प्रदान कर रहे हैं। अम्मावोडी वाहनों के माध्यम से हम अपनी लड़कियों को सरकारी अस्पतालों तक लाते हैं, परीक्षण कराते हैं, दवाएं देते हैं और उन्हीं वाहनों के माध्यम से उन्हें नि:शुल्क उनके घरों तक सुरक्षित वापस लाते हैं। बीआरएस सरकार लड़की के लिए 13,000 रुपये और लड़के के लिए 12,000 रुपये के साथ केसीआर किट भी प्रदान कर रही है। हम यादव भाइयों सहित सभी समुदायों को कल्याण कार्यक्रम प्रदान कर रहे हैं जो बुनकर, बुनकर, मछली श्रमिक और भेड़ प्रजनक हैं।

### बीआरएस के समर्थन में मांगे वोट

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप कृपया पचास साल के कांग्रेस शासन और दस साल की बीआरएस सरकार के दौरान गरीबों के कल्याण योजनाओं के बारे में विचार करें। हम कार चिन्ह के लिए वोट करने और बीआरएस को मजबूत बनाने का आग्रह करते हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस सरकार 200 रुपए पेंशन देती थी, वे हमारे मुंह पर तमाचा मारते थे और कहते थे कि यही पेंशन है। हमने पेंशन बढ़ाकर 2000 रुपए कर दी, चुनाव के बाद पेंशन बढ़ाकर पांच हजार रुपए कर दी जाएगी।

# ओवेसी की एमआईएम के लिए राह आसान नहीं

**हैदराबाद,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) को हैदराबाद के पुराने शहर में शायद ही कभी अपने राजनीतिक वर्चस्व के लिए चुनौती का सामना करना पड़ा हो, जिसे उसका गढ़ माना जाता है। पार्टी का गढ़ राज्य में अन्य जगहों पर हुए राजनीतिक

■ दो खंडों में करना पड़ रहा उतार-चढ़ाव का सामना

बदलावों से काफी हद तक अछूता रहा। चाहे संयुक्त आंध्र प्रदेश हो या नव निर्मित तेलंगाना, सत्ता में चाहे कोई भी आए, एमआईएम ने अपना पारंपरिक गढ़ बरकरार रखा। इस बार, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस के बीच कांटे की लड़ाई में एमआईएम बीआरएस का साथ दे रही है। हालांकि पुनर्जीवित कांग्रेस और मुस्लिम वोटों के संभावित विभाजन से कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में एमआईएम



के लिए चीजें मुश्किल हो सकती हैं, लेकिन यह भविष्यवाणी करना मुश्किल है कि इस बार उसकी सात सीटों की संख्या में कमी आएगी या नहीं। इस बार एमआईएम ने अपने मौजूदा विधायक जाफर हुसैन की जगह ग्रेटर हैदराबाद के पूर्व मेयर माजिद हुसैन को अपना उम्मीदवार बनाया है। एमआईएम के समर्थक खान को बीजेपी और आरएसएस का एजेंट बता रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी, जो आरएसएस के साथ कथित संबंधों को लेकर राज्य कांग्रेस प्रमुख ए रेवंत रेड्डी पर हमला कर रहे हैं, ने दावा किया है कि दिल्ली के आरएसएस के लोग नामपल्ली में कांग्रेस उम्मीदवार के लिए काम कर रहे हैं, जबकि भाजपा उम्मीदवार घर बैठे हैं।

### नामपल्ली में करना पड़ रहा कड़ी टक्कर का सामना

असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली पार्टी को नामपल्ली निर्वाचन क्षेत्र में कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ता दिख रहा है। मोहम्मद फिरोज खान, जिन्होंने 2009 में निर्वाचन क्षेत्र बनने के बाद से हर चुनाव में असफलता हासिल की, 2018 में एमआईएम के आभासी एकाधिकार को समाप्त करने के करीब आ गए थे, जाफर हुसैन से 9,675 के अंतर से हार गए। खान को इस बार जीत का भरोसा है और वह हार के बावजूद लोगों की मदद के लिए निर्वाचन क्षेत्र में किए गए अपने काम पर भरोसा कर रहे हैं। क्रमश: प्रजा राज्यम पार्टी (पीआरपी) और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के टिकट पर 2009 और 2014 का चुनाव हारने के बाद, उन्होंने 2018 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा।

## केरल के माकपा नेता को मानहानि का नोटिस

**तिरुवनंतपुरम,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में केरल के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता जैक सी थॉमस को मानहानि नोटिस दिया गया है। वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय बौद्धिक संयोजक डॉ. आर बालाशंकर ने गत 19 नवम्बर को एशियानेट टीवी न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान मोदी को 'नराधमन' के रूप में संदर्भित करने के लिए थॉमस को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। बालाशंकर ने अपने बयान में कहा कि थॉमस ने न केवल एक उच्च संवैधानिक हस्ती के खिलाफ अप्रिय टिप्पणी की, बल्कि अन्य सम्मानित पैनलिस्ट की ओर से ऐसी टिप्पणियों पर आपत्ति जताने पर भी उन्होंने उस बयान को दोहराना जारी रखा और समाचार एंकर के अनुरोध को भी नजरअंदाज कर दिया। ऑर्गेनाइजर वीकली के पूर्व संपादक बालाशंकर ने कहा कि बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने में विफल रहने की स्थिति में उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी। लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और दो-तिहाई बहुमत से जीतने के बाद मोदी प्रधानमंत्री बने।

■ मोदी पर अभद्र टिप्पणी का मामला

# तेलंगाना में बीआरएस व कांग्रेस में हुआ है गुप्त समझौता : अमित शाह

**नारायणपेट/तेलंगाना,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और विपक्षी कांग्रेस के बीच राज्य में दोनों पार्टियों के बीच अपने-अपने हितों की पूर्ति के लिए गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि मौजूदा चुनाव में, बीआरएस और कांग्रेस के बीच एक गुप्त समझौता हुआ है। कांग्रेस बीआरएस का समर्थन करेगी, जिससे के.चंद्रशेखर राव की मुख्यमंत्री के रूप में वापसी सुनिश्चित होगी। बदले में, बीआरएस लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का समर्थन करेगी और पार्टी नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में बढ़ावा देगी। उन्होंने नारायणपेट जिले के मकथल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए डाला गया कोई भी वोट प्रभावी रूप से बीआरएस को फायदा



■ बीआरएस पर पर लगाया भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप

पहुंचाएगा। यदि आप केसीआर को हटाना चाहते हैं, तो भाजपा को वोट दें। आपका वोट न केवल आपके विधायक को चुनता है, बल्कि तेलंगाना के भविष्य को भी आकार देता है। बीआरएस पर अपने 10 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए, शाह ने मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव द्वारा किए गए 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना, एक स्वीकृत डिग्री कॉलेज और बेरोजगारी भत्ते का वितरण जैसे वादों को पूरा करने पर सवाल उठाया।

**प्रशिक्षण** *मध्य प्रदेश में मतगणना से पहले कांग्रेस-भाजपा का महामंथन*

# प्रत्याशियों व पोलिंग एजेंटों को अलर्ट रहने का दिया प्रशिक्षण

**भोपाल, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना को लेकर कांग्रेस और भाजपा में महामंथन जारी है। दोनों ही दलों ने रविवार को काउंटिंग के लिए अपने-अपने प्रत्याशियों को प्रशिक्षण दिया। जहां कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों को भोपाल बुलाया था। वहीं भाजपा ने वर्चुअजी ट्रेनिंग दी।**

बता दें, प्रदेश में 17 नवम्बर को 230 सीटों पर मतदान हुआ। अब सभी को मतगणना का इंतजार है। ये पहला मौका है जब परिणाम के लिए इतना लंबा समय लग रहा है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रखे गए इस प्रशिक्षण में कांग्रेस के लगभग सभी 230 प्रत्याशी शामिल हुए। यह ट्रेनिंग दो चरणों में दी गई। पहला चरण सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। इसमें रीवा, शहडोल, जबलपुर, ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्याशी शामिल हुए।



■ मप्र विस चुनाव की तीन दिसम्बर होगी मतगणना

इसके बाद दूसरी पाली में दोपहर 2:30 बजे से ट्रेनिंग शुरू हुई। इसमें इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, भोपाल और सागर संभाग के प्रत्याशियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रत्याशियों के साथ ही पोलिंग एजेंट को भी ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान प्रत्याशियों और एजेंट्स को बताया गया कि उन्हें ईवीएम के हर राउंड के बाद उसका प्रमाण पत्र लेना है।

इसके साथ ही डाक मत पत्रों की गिनती के समय अलर्ट रहना है। इसके साथ ही कहा गया कि कुछ अधिकारी गड़बड़ कर सकते हैं। उन पर नजर रखें। भाजपा ने भी तीन दिसंबर को होने वाली काउंटिंग के लिए अपने सभी उम्मीदवार और पोलिंग एजेंट को तैयार किया है। इसके लिए खुद प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने पार्टी मुख्यलाय से सभी प्रत्याशियों से वर्चुअली संपर्क साधा। उनके साथ पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी मौजूद रहे। शर्मा ने सभी को बताया कि काउंटिंग के दौरान सभी को अपनी पूरी नजर बनाए रखना है। कोई लापरवाही नहीं बरतना है। कुछ भी गड़बड़ नजर आने पर सीधे वरिष्ठ नेताओं से संपर्क करना है। बता दें कि मतदाताओं ने इस बार वोटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस बार अभी तक का सर्वाधिक 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। महिलाओं ने भी इस बार सर्वाधिक 76.03 प्रतिशत मतदान कर रिकॉर्ड बनाया।

लेकिन इस बार चुनाव में खड़े हुए 2533 प्रत्याशियों को नतीजों के लिए भी 16 दिनों का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यह पिछले पांच चुनावों में सर्वाधिक लंबी प्रतीक्षा है। इस वजह से प्रत्याशियों में नतीजों के प्रति बेचैनी बढ़ती जा रही है। पिछले चुनावों में नतीजों के लिए इंतजार को देखें तो वर्ष 1998 और 2003 में मतदान संपन्न होने के तीसरे दिन चुनाव परिणाम घोषित हो गए थे, वहीं 2008 में 11 दिनों तक इंतजार करना पड़ा था।

इसके बाद 2013 और 2018 में 13 दिनों का इंतजार करना पड़ा था। लेकिन, इस वर्ष यानी 2023 में तो 16 दिनों के इंतजार के बाद चुनाव परिणाम जानने को मिलेंगे।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

हड्डी संबंधी रोगों से बचने के लिए प्रतिदिन व्यायाम बेहद जरूरी है। इसके बाद पौष्टिक आहार जैसे दूध ओट्स या हाई प्रोटीन भोज्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

डॉ. गौरव गुप्ता

# दिसम्बर में फिर से बनेंगे नोएडा गोल्फ कोर्स में नए सदस्य

**नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में बन रहे इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण बजट के कारण बंद है। इसके लिए अब नोएडा प्राधिकरण दोबारा से 1000 नई सदस्यता के लिए लिंक को खोलने जा रही है। दिसम्बर से लोग आवेदन कर सकेंगे। एक हजार सदस्य पूरे होने के बाद ये लिंक फिर बंद कर दिया जाएगा। इस समस्या में जितना भी पैसा आएगा उससे निर्माण कार्य दोबारा से शुरू कराया जाएगा। बता दे गोल्फ कोर्स में कुल 3600 लोगों को सदस्यता दी जानी है। पहले फेज में 1000 लोगों को सदस्यता दी जा चुकी है। इससे 48 करोड़ रुपए नोएडा प्राधिकरण को मिला था।

■ 1000 लोगों के लिए दिसम्बर में खुल जाएगा लिंक, साक्षात्कार के जरिए मिलेगी सदस्यता

प्राधिकरण ने बताया कि जिन 1000 लोगों को सदस्यता दी जा चुकी है। उसमें करीब 100 लोग ऐसे है जिन्होंने अब तक पूरा पैसा जमा नहीं किया है। उन सभी लोगों को रिमाइंडर जारी किया जा रहा है। इसके अलावा 70 ऐसे लोग है जिनका आवेदन आ चुका है लेकिन उनका साक्षात्कार नहीं हुआ है उनकी डेट को भी फाइनल किया जा रहा है। ये सभी कार्य दिसम्बर में पूरे होने के बाद प्राधिकरण को करीब 50 करोड़ रुपए मिलेगा। गोल्फ कोर्स के निर्माण में कुल 125 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

बता दे बजट नहीं होने की वजह से का निर्माण बंद हो गया है। पहले ही जमीन की कमी से अड़ंगा लगा हुआ है था, जिसे दूर करने में भूलेख अधिकारियों को पसीना आ रहा है। अब परियोजना को पूरा करने में बजट अड़ंगा बन गया है। प्राधिकरण में ठेकेदार का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे ठेकेदार ने गोल्फ कोर्स का आधा अधूरा काम रोक दिया है। बता दें कि नोएडा प्राधिकरण की ओर से गोल्फ कोर्स की 3600 सदस्यता के बल पर 125 करोड़ रुपए की परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा था। इसलिए अब दोबारा से सदस्यता को खोला जा रहा है। गोल्फ कोर्स की सदस्यता साक्षात्कार के जरिए की जा रही है। इसमें दो श्रेणी में सदस्यता शुल्क है। पहला सरकारी जिनके लिए ये शुल्क 3 लाख और अन्य के लिए 10 लाख रुपए है। पहले फेज में 1000 लोगों ने सदस्यता ली।

### एक नजर में गोल्फ कोर्स

- >>>गोल्फ कोर्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है।
- >>>इसमें कुल 18 होल होंगे।
- >>>128 एकड़ में गोल्फ कोर्स का निर्माण किया जा रहा है।
- >>>इसमें 94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया, 6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया, 7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया, 4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया, 9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट और 4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया।
- >>>मार्च 2024 तक इसका काम पूरा कर लिया जाएगा।

## फ्रांस और सिंगापुर जैसे विदेशी शहरों का प्लान तैयार करने वाली कंपनी बनेगी सलाहकार

**नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा , ग्रेटरनोएडा समेत चार जिलों में रीजनल कंप्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान बनाने के लिए विदेशी सलाहकार नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए नए सिरे से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार की जाएगी। सीईओ ने पुरानी आरएफपी पर असहमति जताते हुए उसे नामंजूर कर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि फ्रांस और सिंगापुर जैसे विदेशी शहरों का प्लान तैयार करने वाले सलाहकारों से संपर्क कर आरएफपी तैयार की जाए। मोबिलिटी प्लान तैयार करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने अक्टूबर में आरएफपी जारी की थी। कंपनियों से 14 अक्टूबर तक आवेदन मांगे गए थे। इस दौरान कुछ कंपनियों ने इसमें हिस्सा लिया। कंपनियों की ओर से प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया। इससे सीईओ असहमत नजर आए। अब सीईओ ने नए सिरे से आरएफपी तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि नए सिरे से आरएफपी तैयार कराई जाए। इसमें विदेश के फ्रांस और सिंगापुर जैसे शहरों का अध्ययन कर वहां की अच्छाइयों को आरएफपी में शामिल किया जाए। सीईओ ने कहा कि आरएफपी तैयार करने में विदेशी कंसल्टेंट से भी संपर्क किया जाए। तमिलनाडु द्वारा तैयार किए गए प्लान को भी आरएफपी में शामिल किया जाएगा। रीजनल मोबिलिटी प्लान के तहत नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास एरिया, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर और न्यू नोएडा के लिए यातायात योजना तैयार की जाएगी। इन शहरों की कनेक्टिविटी

■ सलाहकार कंपनी तैयार करेगी रीजनल कंप्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान

राजधानी दिल्ली से बेहतर हो, इस पर फोकस किया जाएगा। इस रीजनल प्लान का मकसद पश्चिमी यूपी में इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देना है। रीजनल प्लान तैयार करने के प्रस्ताव पर 13 अगस्त 2023 को हुई बोर्ड बैठक में मुहर लग गई थी। जिले के तीनों प्राधिकरण अधिकारियों की एक समिति गठित कर दी गई है, जिसका अध्यक्ष नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को बनाया गया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना, डीएनजीआईआर (दादरी-नोएडा-गाजियाबाद-निवेश क्षेत्र) क्षेत्र का ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन मोबिलिटी प्लान बनाया जाएगा। इन क्षेत्रों में आने वाले समय में यातायात की कोई समस्या न उत्पन्न हो, इसको देखते हुए यह योजना तैयार की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए कंपनी से लौट रहे छह कर्मचारी

**नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-83 स्थित एप्पल कंपनी के सामने शनिवार देर रात अज्ञात कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए छह लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। बाकी के दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार देर रात प्लास्टिक का सामान बनाने वाली फैक्टरी में काम समाप्त कर सीतापुर निवासी इस्लाम, इस्लामुद्दीन, इमामुद्दीन, तौसीफ, शईक और तालिब अपने-अपने कमरे की तरफ लौट रहे थे। रात एक बजे के करीब जब सभी छह लोग एप्पल कंपनी के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारकर उन्हें घायल कर दिया। सीतापुर के हरपुर निवासी 22 वर्षीय इस्लाम की मौके पर ही मौत हो गई। इस्लामुद्दीन, इमामुद्दीन और तौसीफ का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा है। तीनों के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। घायलों और मृतक के परिजनों को भी हादसे की जानकारी दे दी गई है। सीतापुर से परिजन रात में ही नोएडा के लिए रवाना हो गए। मृतक का गृह जनपद में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी कार चालक घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाय मौके से वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल के पास लगे एक सीसीटीवी फुटेज में सफेद रंग की कार कर्मचारियों को टक्कर मारते हुए दिखी है। कार के नंबर के आधार पर आरोपी चालक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। जिस कार ने कर्मचारियों को टक्कर मारी है घटना के समय उसकी गति सौ किलोमीटर प्रतिघंटा के आसपास बताई जा रही है। मौत के बाद से मृतक के परिवारों में मातम है। घायलों के परिजनों की शिकायत पर फेज दो पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौके पर ही हुई मौत

■ तीन घायलों का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा उपचार

सार संक्षेप

### खाटू श्याम नोएडा धाम में पर्यावरण शुद्धिकरण हेतु 108 कुंडीय महायज्ञ

**नोएडा।** पर्यावरण के शुद्धिकरण के लिए खाटू श्याम नोएडा धाम में 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन कराया गया। जिस तरह दिन प्रतिदिन पर्यावरण की स्थिति खराब होती जा रही है और ऐसे में सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। बहुत प्रकार की सांस से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए शुद्धिकरण यज्ञ का कार्य श्री कृष्ण सुदामा गोरक्षधाम खाटू श्याम नोएडा धाम सेक्टर-146 नोएडा के प्रांगण में कराया गया। इस मौके पर हजारों गोवंश एवं 108 कपिला गाय के बीच में बाबा श्याम विराजमान है। पर्यावरण शुद्धिकरण की प्रार्थना करते हुए यह 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन मंगल कामना के साथ महंत मंगल दास जी एवं अनेक संतों के पावन सानिध्य में कराया गया।

### लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए बनाए जाए रेन बसेरे और शेल्टर

**नोएडा।** प्रदेश में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए निराश्रित एवं असहाय व कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में जनपद में आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए रेन बेसरों, शेल्टर होम विभिन्न स्थानों पर बनाए जाएंगे। ताकि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हो। उन्होंने बताया कि इन रैन बसेरों, शेल्टर होम में रुकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड से बचने के लिए आवश्यक समस्त उपाय जैसे गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि का प्रबंध निःशुल्क एवं रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शीत लहर से बचाव हेतु समस्त तैयारी तत्काल पूर्ण करते हुए रैन बसेरों, शेल्टर होम में तैनात केयर टेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं अलाव जलाए जाने के लिए चिह्नित स्थानों की सूची फोटोग्राफ सहित 7 दिवसों में हार्ड कॉपी कार्यालय एवं सॉफ्ट कॉपी जिला आपदा विशेषज्ञ गौतम बुद्ध नगर ओमकार चतुर्वेदी के व्हाट्सएप नंबर 8145563077 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

### जेल जाने का डर दिखाकर युवक से 1.16 लाख ऐंठे

**नोएडा।** पार्सल में ड्रग्स समेत प्रतिबंधित सामान होने की बात कहकर साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के साथ एक लाख 16 हजार रुपए की ठगी कर ली। जेल जाने का डर दिखाकर जालसाजों ने पीड़ित से रकम ट्रांसफर कराई है। जालसाजों ने पीड़ित से कहा कि पार्सल बुकिंग में उसके आधार कार्ड और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल हुआ है। कई बार में खाते में रकम ट्रांसफर कराई गई। शिकायत में सेक्टर-61 स्थित पार्क न्यू अपार्टमेंट निवासी सुनील कुमार गर्ग ने बताया कि बीते दिनों उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई।

## महापौर ने किया उत्तरांचल भवन का निरीक्षण



■ भव्य भवन का हो स्वरूप, न हो कोई लापरवाही : दयाल

**गाजियाबाद,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को नंदग्राम में निर्माणाधीन उत्तरांचल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि भवन का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय से पूरा होना चाहिए।

महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में उत्तरांचल भवन एवं पूर्वांचल भवन बनाने की घोषणा की थी। जिसके लिए नगर निगम ने भूमि दी थी और अवस्थापना निधि से गाजियाबाद नगर निगम ने भवन बनाने के लिए पैसा पास किया था भवन आज लगभग तैयार हो चुके हैं। अधिकारियों के साथ नंदग्राम निर्माणधीन उत्तरांचल भवन का निरीक्षण किया और भवन के बाहर बन रही सड़क का जायजा लिया।

महापौर ने कहा कि भवन में निर्माण कार्य चल रहा है और एक भव्य रूप निकल कर आ रहा है इस भव्य रूप को देख समाज हर्षित हो उठेगा। महापौर ने निर्देशित किया गया कि यह कार्य हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री का सपना है इस कार्य में या इसके आसपास के कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं सामग्री की गुणवत्ता में कोई कमी मिली तो सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सड़क के निर्माण सामग्री की जांच कराई जाए और रिपोर्ट मुझे भी प्रस्तुत की जाए। उत्तरांचल भवन की लागत 2 करोड़ 90 लाख एवं भवन में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और जनवरी तक कार्य पूर्ण करने का नगर निगम का लक्ष्य है।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता अनूप शर्मा, अवर अभियंता नागेंद्र शर्मा एवं स्थानीय लोग शामिल रहे।

## आम आदमी पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस



■ पार्टी कार्यकर्ता स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं : भूपेंद्र जादौन

**नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी गौतम बुद्ध नगर के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-18 स्थित जिला कार्यालय पर रविवार को पार्टी का 11वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मौजूद यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना एवं जिला प्रभारी सी एम चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी 11 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी और कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने जनता के ज्वलंत मुद्दों पर काम कर राष्ट्रीय पार्टी होने का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने कहा 26 नवम्बर को हमारा संविधान दिवस भी है। देश के लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से ही हमें संविधान दिवस मनाने का अवसर मिला है। हमारा संविधान ही देश के प्रत्येक नागरिक को एकता के सूत्र में बनता है। हमें स्वतंत्रता से जीने की अधिकार देता है। आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने और संविधान की रक्षा के लिए के लिए संकल्पित है। इस दौरान जिला महासचिव राकेश अवाना, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नितिन प्रजापति, यूथ विंग के प्रदेश सचिव अमर सिंह, जिला प्रवक्ता राहुल सेठ, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण धीमान, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत रावत, जिला सचिव विजय श्रीवास्तव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ बी पी सिंह, नोएडा विधानसभा सचिव प्रिंस राजौरिया, दादरी नगर अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इम्तियाज आलम, ग्रेटर नोएडा वेस्ट नगर अध्यक्ष आशीष कुमार, आजाद मलिक, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक अवाना विवेक कुमार आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज हो सकती है हल्की बारिश, बढ़ेगी ठंड

**नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। मौसम विभाग ने नोएडा में दिन के वक्त बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। सोमवार को हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यदि दिल्ली एनसीआर के इलाकों में बारिश होगी तो इससे मौसम में बड़ा बदलाव नजर आ सकता है। मौसम विभाग ने बारिश के कारण मंगलवार से कोहरा छाने की आशंका जताई है, जो दिसम्बर के पहले हफ्ते तक बना रह सकता है। इसके अलावा प्रदूषण से राहत मिलेगी वहीं ठंड में बढ़ोतरी होगी।

■ दो दिनों में छा सकता है कोहरा

■ पहाड़ों पर मौसम बदलने का असर नोएडा में दिखेगा


मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी हिमालय पर जो पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है उसके प्रभाव के कारण उत्तर पश्चिमी भारत में मौसम खराब होगा। इससे उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी देखी जा सकती है। राजधानी दिल्ली और उसके आस पास के कुछ इलाकों में सोमवार को हल्की बूंदाबांदी देखी जा सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि यदि दिल्ली एनसीआर में बारिश होती है तो अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहेगा।

ऐसे में जब दिल्ली एनसीआर में हवा की रफ्तार धीमी है। कोहरे के कारण यातायात पर असर भी पड़ सकता है।

## फार्म हाउस के विवाह मंडप में लगी आग, हड़कंप

**गाजियाबाद,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना कविनगर थाना क्षेत्र स्थित पांडव नगर के मार्शल महल फार्म हाउस के विवाह मंडप में रविवार को तड़के आग लगने से हड़कंप मच गया हालांकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कई मशक्कत के बाद आज पर काबू पाया और कोई जान हानि होने से बचा लिया गनीमत यह रही की जब आग लगी उसे समय बादाम में केवल कर्मचारी ही मौजूद थे यदि शादी होते वक्त आग लगती तो बड़ा नुकसान हो सकता था मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन कोतवाली पर तरुण शर्मा नाम के शख्स ने कॉल करके समय 3.34 बजे सूचना दी कि मार्शल महल पांडव नगर पांडव नगर डायमंड फ्लाईओवर गाजियाबाद के पास विवाह मंडप में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से 2 फायर टैंकर सहित एफएसओ फायर यूनिट के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा की मार्शल महल के मंडप में फाइबर शीट मे आग जल रही थी जिसे फायर सर्विस यूनिट ने शीघ्रता से होज पाइप फैलाकर फाइटिंग करके आग बुझाना शुरू किया। आग की विकरलता को देखते हुए अन्य फायर स्टेशनों से फायर टेंडर मांगये। आग को काबू कर लिया गया। आग को पूर्ण रूप से शांत किया गया। मालिक का नाम इंद्रपाल सिंह ग्राम काजीपुरा थाना कवि नगर के मूल निवासी हैं घटनास्थल पर कोई जनहानि नहीं हुई।

■ फायर ब्रिगेड ने घंटों के मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू



## कांग्रेसियों ने विशेष बूथ दिवस पर नगर के बूथों का किया निरीक्षण

**बुलंदशहर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रहे वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण कार्यक्रम में विशेष बूथ दिवस के अवसर पर अनूप शहर नगर के एलडीएवी इंटर कॉलेज टाउन स्कूल मदार गेट जी डी ए वी कन्या इंटर कॉलेज पहुंचकर उपस्थिति बी एल ओ व पदावित अधिकारीयो से अब तक बढ़ाई व घटाई गई वोटो का विवरण नोट कर पारदस्ता के साथ वोट बढ़ाने घटाने का आह्वान किया कांग्रेस नेताओं के एलडीएवी इंटर कॉलेज में लगे 6 बूथो पर पहुंचने पर वहां से अधिकांश बी एल ओ के अनुपस्थित मिलने पर जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने नाराजगी प्रकट कर निर्वाचन अधिकारी विधानसभा क्षेत्र अनुप शहर उप जिलाधिकारी न्यायिक संतोष कुमार को टेलीफोन कर शिकायत करते हुए नाराजगी प्रकट की। तथा उन्हें मौके पर बुलाया मौके पर बुलाकर बी एल ओ व पदावीत अधिकारियों के अनुपस्थित



रहने पर व्यवस्था को सुचारु करने की मांग की। जिस पर उप जिलाधिकारी न्यायिक व निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार ने अनुपस्थित बीएलओ को चेतावनी व कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिस पर कांग्रेस नेताओं ने टाउन स्कूल मदार गेट पर जीडीएवी कन्या इंटर कॉलेज के बूथो पर पहुंचकर बी एल ओ को पदावीत अधिकारियों से विवरण नोट किया कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड नगर अध्यक्ष सलाम खां अध्यक्ष बबलू कुरैशी व सभासद प्रत्याशी शकील कुरेशी शामिल रहे।

## होमबायर्स की समस्या को समझता हूं, इनकी व्यथा पर संवेदनशील हूं : गोपाल कृष्ण अग्रवाल

**ग्रेटर नोएडा/नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पीड़ित होम बायर्स के बीच पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और होमबायर्स संगठनों के साथ जन सभा को संबोधित करते हुए अपने नेतृत्व में बनी समिति के द्वारा होम बायर्स की समस्याओं के समाधान की दिशा में व्हाइट पेपर का विमोचन किया गया जिसमें प्रत्येक समस्या के समाधान का वर्णन किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि हम होमबायर्स समस्या के समाधान के लिए आगे बढ़ रहे हैं। मैंने प्रधानमंत्री के साथ पिछले 9 वर्षों से अनेको विषयों पर काम किया है, मैंने देखा है कि प्रधानमंत्री पूरी तरह से समाज के सभी जटिल समस्याओं के ऊपर गहराई से उनके समाधान को लेकर आगे बढ़ने का काम करते हैं। मैंने भी गौतम बुद्ध नगर के जन समस्या के निदान के लिए व्हाइट पेपर पर काम किया है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने के दौरान पता चला कि गौतम बुद्ध नगर क्षेत्र में पूरे देश में से 35 प्रतिशत फंसे हुए इस क्षेत्र में है। एनरॉक 2020 के अनुसार यहां पर एक लाख पैसठ हजार फ्लैट्स रुके हुए हैं एवं रुपए 118000 करोड़ का पैसा फंसा हुआ है। साथ ही पचास प्रतिशत से ज्यादा प्रोजेक्ट कई वर्षों से रुके हुए है। 2016 से हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने इस विषय की गंभीरता को लेकर जनता के सामने अपनी प्रतिक्रिया दी थी और उन्होंने कहा कि होमबायर्स की जो समस्या है वो काफी विकट है जो कि हम हल करना चाहते हैं और जिसके लिए तभी से काम भी कर रहे हैं।




उन्होंने आगे कहा कि होमबायर्स अपना घर पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक में कई सालों से लड़ाई लड़ रहे हैं। बिल्डरों को सारा पैसा देने के बाद भी उन्हे अपना घर नहीं मिल पाया है। इससे लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। इसमें एक जटिल पहलू और है कि होमबायर्स ने घर खरीदने के लिए वित्तीय संस्थानों से ऋण भी लिया हुआ है और उन्हें ईएमआई के द्वारा कर्ज़ चुकाना पड. रहा है। हम शुरुआत से ही होमबायर्स के साथ खड़े हैं और इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं।

हमारा संकल्प है कि गौतमबुद्ध नगर के हर निवासी को उनका अपना घर मिले। चाहे लाजिक्स ईकोटेक विलेज-2 हो या जेपी विश टाउन एवं आम्रपाली ग्रुप या अन्य प्रोजेक्ट हो, इनकी समस्याओं और उनके समाधान पर हमने काम किया है। अब सरकार द्वारा नामित समिति की रिपोर्ट भी आई है। हमने इन आधारो पर समाधान के लिए व्यापक पत्रक तैयार किया है, और उसके माध्यम से चाहे होमबायर्स के मकान के रजिस्ट्रेशन की बात हो।

## हड्डी रोगों से बचने के लिए व्यायाम के साथ पौष्टिक आहार का सेवन जरूरी : डॉ. गौरव गुप्ता

**गाजियाबाद,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। बदलते सामाजिक परिवेश में इंसान में नए-नए बीमारियां हो रही है। जिनमें खासतौर पर घुटनों का दर्द हिप का दर्द वह हड्डी से संबंधित के ऐसी बीमारी हैं जिसे लोग परेशान हैं और आए दिन चिकित्सकों के चक्कर लगाते रहते हैं।



इसको लेकर फ्लोर्स अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गुप्ता से यहां आयोजित एक नि:शुल्क स्वास्थ शिविर में बातचीत की गई। डॉ. गौरव गुप्ता का कहना है कि हड्डी संबंधी रोगों से बचने के लिए प्रतिदिन व्यायाम बेहद जरूरी है। इसके बाद पौष्टिक आहार जैसे दूध ओट्स या हाई प्रोटीन भोज्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। इससे हम काफी हद तक हड्डी सम्बन्धी रोग से बच सकते हैं और अपना अच्छे से ख्याल रख सकते हैं। डॉ. गौरव गुप्ता का कहना है कि एक जमाना था जब घुटनों या जोड़ों में दर्द की बीमारी ज्यादा उम्र वाले लोगों को होती थी लेकिन अब यह बीमारी युवा वर्ग में भी होने लगी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि युवा पीढ़ी पौष्टिक आहार का इस्तेमाल नहीं करती बल्कि वह फास्ट फूड में यकीन रखती है जो पूरी तरह से उचित नहीं है। उनका कहना है की हड्डी संबंधी रोगों से बचने के लिए हड्डी में शरीर में कैल्शियम की मात्रा ठीक होनी चाहिए। साथ ही वजन भी बहुत अधिक नहीं होना चाहिए। इसके लिए दूध एक बेहतर डाइट है दूध का सेवन ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। साथ ही रिफाइंड या अन्य तेलों के सेवन से बचकर घर में बनाए गए घी, दही, पनीर आदि का सेवन रहना चाहिए। इससे हमारे लुब्रिकेंट बेहतर रहते हैं उनका कहना है कि व्यायाम न करने से लोगों की नसों की स्टीफनेस बढ़ जाती है और वह दर्द महसूस करते हैं। दर्द से बचने के लिए उन्हें प्रतिदिन व्यायाम कर जरूर करना चाहिए और पौष्टिक आहार इस्तेमाल पर जाना चाहिए फिर भी यदि कोई परेशानी है तो चिकित्सक के पास अवश्य ही जाना चाहिए।

उवाच

मनमानी की भी हद है। इतना सौतेलापन किसी इलाके के साथ नहीं हुआ होगा। उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर को जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा है कि शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मिलकर मेट्रो की मांग को मजबूती से रखा जाएगा।
**अभिषेक कुमार, नेफोवा अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## कांग्रेस ने दलित गौरव संवाद चौपाल की आयोजित, संविधान की शपथ दिलाई

**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुध नगर के जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में बिसरख ब्लॉक के दुजाना ग्राम सभा में दलित गौरव संवाद चौपाल आयोजित की गई साथ ही संविधान दिवस पर शपथ दिलाई गई। जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में गांव-गांव पहुंचकर दलित गौरव संवाद स्थापित कर रही है, इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत शिक्षक समाजसेवी डॉक्टर से मिलकर दलित गौरव अधिकार पत्र भरवाया जा रहा है। इसी क्रम में दलित अधिकार पत्र भरवा गए। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राम भरोसे शर्मा, एससी एसटी जिला अध्यक्ष धर्म सिंह बाल्मीकि, जिला महासचिव महाराज सिंह नागर, एससी एसटी के प्रभारी ऋषि गौतम, एससी एसटी जिला उपाध्यक्ष आरपी सिंह, धीरज सिंह, मोहित सिंह, रामकिशन, रमेश, दिनेश सिंह, मास्टर प्रशांत सिंह, अभिषेक शर्मा, जितेंद्र शर्मा और मोहित जिनवाल, रईस राणा, जहीर खान सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# वेस्ट मैटेरियल की टाइल्स से ग्रेटर नोएडा में बनेंगे फुटपाथ

**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबंधु)। आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) से हाथ मिलाया है। प्राधिकरण सीआरआरआई के साथ बहुत जल्द करार करने जा रहा है। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने में इस्तेमाल करने की भी तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष एसीईओ मेधा रूपम व अन्नपूर्णा गर्ग की मौजूदगी में सीआरआरआई की प्रस्तुतिकरण में इस पर भी सहमति बन गई है। सीईओ ने सभी वर्क सर्कल को मॉडल रोड चिन्हित कर वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने के निर्देश दे दिए हैं। अगर फुटपाथ बनाने में पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल हुआ तो ग्रेटर नोएडा ऐसा करने वाला देश का पहला शहर बन जाएगा।

अच्छी सड़क ग्रेटर नोएडा की पहचान है। इसे और बेहतर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इको फ्रेंडली तथा अधिक गुणवत्तापरक सड़कें बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीआरआरआई को सलाहकार एजेंसी के रूप में अपने साथ जोड़ने की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण अगले दो सप्ताह में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के साथ करार करने जा रहा है। करार हो जाने पर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा में सड़कों को ईको फ्रेंडली बनाने, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने, सड़कों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी कंसल्टेंसी देगा। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में फुटपाथ बनाने के लिए पॉलीथिन व अन्य कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का भी इस्तेमाल करेगा। प्राधिकरण संस्थान को वेस्ट मैटेरियल देगा, जिसके एवज में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सस्ती दरों पर पेवर ब्लॉक टाइल्स उपलब्ध कराएगा। इसका इस्तेमाल ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे फुटपाथ बनाने में किया जाएगा। पेवर ब्लॉक टाइल्स वेस्ट मैटेरियल से बनेंगी। ऐसे में ये पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होंगी। इसकी दरें कम होने से बचत भी होगी। ये टाइल्स लंबे समय तक चलेंगी। इनके रखरखाव पर भी बहुत कम खर्च होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि ने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में रोड को चिन्हित कर कम से कम एक-एक मॉडल फुटपाथ बनाने के निर्देश दे दिए हैं। सीआरआरआई ने जानकारी दी है कि वेस्ट मटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल अभी तक विदेश में हो रहा है। अगर ग्रेटर नोएडा में इसका इस्तेमाल होता है तो यह देश का पहला शहर होगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, नियोजन विभाग की महाप्रबंधक लीनू सहगल, वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक विजय कुमार बाजपेई, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह समेत कई अधिकारी गण मौजूद रहे।



- ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ ने सीआरआर आई के साथ बैठक कर दी सहमति
- सभी वर्क सर्कल को रोड चिन्हित कर मॉडल फुटपाथ बनाने का दिया लक्ष्य
- नई तकनीकों से सड़कों की गुणवत्ता में और सुधार के लिए भी होगा करार

## सार संक्षेप

### पड़ोसियों पर लगाया जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप



**दनकौर।** दनकौर क्षेत्र के देवटा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने चार लोगों पर गाली गलौज का विरोध करने पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। हालांकि इस घटना में पीड़ित को गोली नहीं लगी है। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली पहुंचकर रविवार को आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ित अनिल कुमार का कहना है कि शनिवार को वह अपने खेत पर गए थे। रास्ते में उनके ही गांव की चार लोग बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर पीड़ित को पीटकर घायल कर दिया। साथ ही पीड़ित पर जान से मारने की नियत से एक आरोपी ने फायरिंग कर दी। घटना के दौरान पीड़ित अपनी जान बचाकर भाग निकले। जिसके बाद डायल 112 पर मामले की शिकायत की गई। साथ ही पीड़ित ने रविवार शाम को कोतवाली पहुंचकर भी मामले की लिखित शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात व्यक्ति द्वारा मकान गिराने का मुकदमा दर्ज



**रबूपुरा।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क किनारे बने मकान को गिरा दिया गया। सुबह को जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पचोकरा निवासी दामोदर पुत्र शीशराम ने शिकायत की है कि गांव के समीप सड़क किनारे उसका मकान बना हुआ है। जिसमे वह पिछले कुछ दिन नहीं रहते बल्कि वहां अपने पशुओं को रखते हैं। आरोप है शुक्रवार की रात किसी व्यक्ति द्वारा उसके एक कमरे को गिरा कर तहस नहस कर दिया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## ग्रेनो वेस्ट में मेट्रो प्रोजेक्ट प्रस्ताव निरस्त होने पर लोगों का फूटा गुस्सा



- नेताओं के झूठे वादों पर लोगों ने उठाए सवाल
- 10 दिसम्बर को जंतर मंतर पर होगा प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलने पर निवासियों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा, तीस से अधिक सोसायटियों के निवासियों ने एकमूर्ति पर जमकर नारेबाज़ी की। लोगों का कहना है कि चुनाव में वोट मांगने आने वाले नेताओं को हमारी फिक्र नहीं है। मेट्रो का प्लान बनता है और रद्द होता है। आखिर कब तक ऐसा होता रहेगा। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि मनमानी की भी हद है। इतना सौतेलापन किसी इलाके के साथ नहीं हुआ होगा। उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर को जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा है कि शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मिलकर मेट्रो की मांग को मजबूती से रखा जाएगा। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम ने कहा कि नेताओं पर भरोसा करने का कोई फायदा नहीं हुआ है। दस साल से ज़्यादा वक्त से मेट्रो का झुनझुना दिया जा रहा है, लेकिन हर बार कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है। उन्होंने कहा है कि अब जनता सबकुछ समझ चुकी है और अपने अधिकारों की लड़ाई शांतिपूर्ण तरीके से लड़ रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी सी.वी. सिंह, परमेश्वर दुबे, दीपांकर कुमार, सुधांशु, नीरज श्रीवास्तव, शिव, डॉ. सुशील, समीर, ज्योति जायसवाल, मयंका, विकास कुमार, विनीत, शैलेश, सौरभ,गौरव, शैलेश, अखिलेश, बिपिन, संतोष, प्रभास, आशीष श्रीवास्तव, आरएस राय, आशीष त्यागी, सहित सैंकडों लोगों ने कहा कि हम एकजुट होकर मेट्रो सहित तमाम बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करेंगे। इनका कहना है कि नेता लोग वोट मांगने आते वक्त जवाब लेकर आएं कि उन्होंने हमारे लिए क्या किया है। हकीकत ये है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विकास पर किसी का ध्यान नहीं है। रोहन भगत, रवींद्र सिन्हा, एसपी कुलश्रेष्ठ, आरसी भट्ट, संदीप द्विवेदी, एलडी शर्मा सहित रेज़ीडेंट का कहना है कि राजनेताओं से निराश हैं लेकिन हमारी एकजुटता उनके झूठे वादों को जवाब है।

## आयुक्त मेरठ मंडल ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर राजनैतिक दलों के साथ की समीक्षा बैठक



- मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में तेजी लाने के संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश
- कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों को दिलाई संविधान की शपथ

**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के तहत चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मंडल आयुक्त मेरठ मण्डल/ रोल प्रेक्षक सेल्वा कुमारी जे. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विशेष अभियान तिथियों, प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन सहित अन्य विषयों पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया। संबंधित अधिकारियों ने रोल प्रेक्षक को वर्तमान तक सम्भाजन पश्चात मतदेय स्थलों व मतदान केन्द्रों एवं चुनाव कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया एवं आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में सम्बंधित अर्ह एवं छूटे पात्र व्यक्ति नाम सम्मिलित किये जाने के लिए फार्म-6, मतदाता सूची में विद्यमान निर्वाचक के अपमार्जन के लिए फार्म-7 एवं मतदाता सूची में संशोधन अथवा एक मतदेय स्थल/विधासभा निर्वाचन क्षेत्र से अन्य किसी स्थान पर अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-8 भरवाये जा रहे हैं, जिसमें मतदाताओं द्वारा सभी विधानसभाओं में हजारों की संख्या में आवेदन किए गए। सेल्वा कुमार जे. ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों के साथ चुनाव से सम्बंधित कार्ययोजनाओं पर विचार मंथन किया।

उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने तथा पुनरीक्षण के कार्य में उनका सक्रिय सहयोग प्राप्त करने के लिए आयोग द्वारा बूथ लेवल एजेन्ट्स की व्यवस्था बनाई गई है, ताकि उन्हें जनता तथा बीएलओ को सहयोग करने का पूरा मौका मिले। सेल्वा कुमार जे. ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव से सम्बंधित सभी कार्यों एवं विकास कार्यों को ससमय पूर्ण कर लिया जाये। किसी भी परिस्थिति में मतदाता का नाम मतदाता सूची से कटने न पाएं उसके लिए पूर्ण प्रयास करें। जिलाधिकारी/ जिला निवार्चन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों/ जनप्रतिनिधियों/ समाजसेवियों आम जनता से अनुरोध किया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम को सफल बनाने जाने के लिए अपने स्तर से भी अर्ह एवं छूटे हुए नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर मंडल आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे. के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की शपथ दिलाई। बैठक में समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, सदर अंकित कुमार, जेवर अभय सिंह मौजूद रहे।

## घर खरीदारों का पचासवें सप्ताह प्रदर्शन रहा जारी



- रजिस्ट्री, पजेशन और आईआरपी की मनमानी के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी

**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में घर खरीदारों का प्रदर्शन लगातार 50वें रविवार को जारी रहा। बड़ी संख्या में घर खरीदारों ने रजिस्ट्री की मांग, दिवालिया प्रोजेक्ट में आईआरपी की मनमानी और प्रोजेक्ट में काम शुरु करने की मांग पर आवाज उठाई।

नेफोवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनकर पांडे ने कहा है कि घर खरीदारों के प्रदर्शन का एक साल पूरा होना है, नेताओं के घरों की रजिस्ट्री का भरोसा कब पूरा होगा। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे राजकुमार, रोहित मिश्रा, चंदन सिन्हा, अनुपमा मिश्रा, अनुराग खरे, अनिल रात्रा, शशि भूषण ने कहा घर ख़रीदारों की अनदेखी आखिर कब तक होगी। एक साल पूरा होने को है और सरकार सिर्फ़ वादे कर रही है। ना तो रजिस्ट्री हो रही है उल्टे एनसीएलटी में गए इको विलेज-2 जैसे प्रोजेक्ट में अब आईआरपी मनमानी कर एक्स्ट्रा पैसा मांगने की फिराक में है।

विरोध प्रदर्शन में लगातार शामिल हो रहे रंजना भारद्वाज, संजीव सक्सेना, अनुपम मिश्रा, दीपक गुप्ता, डीके सिन्हा, पुरुषोत्तम कुमार, अमित दयाल, अतुल रंजन, शिरीष, आशुतोष, एलशॉय, पुनीत चौहान, अशोक श्रीवास्तव का कहना है कि रजिस्ट्री हो नहीं रही है। लगातार उनपर कर्ज बढ़ता जा रहा है। वहीं आईआरपी भी घर ख़रीदारों को लूटने के चक्कर में है। अभी तक घर नहीं मिलने की वजह से क़र्ज़ है और अब आईआरपी अलग से पैसे वसूलने की फिराक में है। जिसका सभी घर ख़रीदारों मिलकर विरोध करेंगे।

घर ख़रीदार अजय कठुरिया, अमरेंद्र, शंकर, हिमांशु सक्सेना, अभिषेक जैन, देवांजन, दीपक पारिख, प्रभास दास ने कहा है कि 10 दिसम्बर को जंतर मंतर पर रजिस्ट्री के मुद्दे पर भी बड़ा प्रदर्शन होगा। उनका कहना है कि हर सोसायटी में जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा जिससे ज़्यादा से ज़्यादा परेशान घर ख़रीदार आंदोलन में शामिल हो सकें।

## गांवों में सीवर कनेक्शन के लिए निःशुल्क शिविर शुरू



**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। गांवों में निःशुल्क सीवर कनेक्शन देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से विशेष शिविर रविवार से शुरू किया गया है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर शुरू हुए अभियान के अंतर्गत सीवर विभाग ने रविवार को बिरौंडा-बिरौंडी गांव में सीवर कनेक्शन के लिए कैंप लगाया गया। बिरौंडी में सीवर कनेक्शन के लिए 44 बिरौंडा में 31 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा, प्रबंधक शुभांगी तिवारी, हरिंदर सिंह सहायक प्रबंधक, मोहम्मद रमीज तकनीकी सुपरवाइजर, ललित राजपूत, तकनीकी सुपरवाइजर उपस्थित रहे। सोमवार को साकीपुर एवं गुलिस्तानपुर में सीवर कनेक्शन का शिविर लगेगा। प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सभी गांवों में तिथिवार निःशुल्क सीवर लगाया जाएगा। ग्रामीण इन शिविरों में जाकर सीवर के कनेक्शन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

## भाजपाईयों ने विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री की मन की बात का 107वां संस्करण सुना



**जेवर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को जेवर मंडल क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम के 107वें संस्करण का सीधा प्रसारण सुना। भाजपा के जेवर मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि जेवर मंडल क्षेत्र में कार्यकर्ताओं द्वारा 110बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 107वें संस्करण का सीधा प्रसारण सुना।

उन्होंने स्वयं अपने गांव पूरननगर स्थित बूथ पर ग्रामीणों के साथ रोडियो पर कार्यक्रम का प्रसारण सुना। इस मौके पर ओमप्रकाश वर्मा, रबिन्द्र शर्मा उर्फ बाबी, डॉ. अशोक गुप्ता, कुलभूषण शर्मा, संजय रावत, मनोज जैन, सतपाल तालान, संजीव शर्मा, डॉ. प्रदीप अत्री, डॉ. चन्द्रपाल सिंह, रवि अग्रवाल, धर्मेन्द्र अग्रवाल, रोहित ठाकुर व राजू अत्री आदि मौजूद रहे।

## हम रहे या न रहें भारत रहना चाहिए, सबसे ऊपर है भारत : मोहन भागत

■ **विशाल धर दुबे**



- समृद्ध लोग दान करें, जो असमृद्ध हैं उन्हें समृद्ध बनाएं
- सारी दुनिया को दिशा दिखाने की हमारी ताकत है
- उत्पादन का न्यायिक वितरण हो, तकनीकी का मानवीय हित में होना चाहिए

**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत को स्व के आधार पर ही खड़ा होना होगा, हम रहे या न रहें भारत रहना चाहिए, सबसे ऊपर भारत है, समाज में भी भारत सर्वोपरि है, सबके लिए अच्छा लगे ऐसा रखें देशभक्ति। भारत के स्व को समझकर नियम बने, तंत्र को भारत के पुनर रचना की आवश्यकता है। उत्पादन का न्यायिक वितरण होना चाहिए। युवाओं को अवसर देना चाहिए, तकनीकी का उपयोग मानवीय हित में होना चाहिए, सारी दुनिया को दिशा दिखाने की हमारी ताकत है।

यह बात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत नोएडा विभाग द्वारा आयोजित प्रबुद्ध नागरिक समारोह में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि स्व आधारित भारत पर विचार करने के लिए पूरे भारत को आगे आना चाहिए। उन्होंने स्व पर विचार रखते हुए कहा कि अपने मूल को पहचानों। भारत की अपनी प्रकृति है, भारत कैसा हो। उन्होंने कहा कि विश्व से जो अच्छा है उसे लेना है, अंधा अनुकरण नहीं करना है। उन्होंने कहा हमारा विकास पहले से नहीं हुआ ऐसा नहीं है, चीन ने भारत पर आक्रमण किया तो शास्त्री जी व इंदिरा गांधी ने चीन को जबाव दिया, हमने जो किया अपने बलबूते किया। जब हम अपने बल पर काम करते हैं तो हमारी प्रतिष्ठा बढ़ती है। हम कौन हैं इसे पहचाने की आवश्यकता है, उन्होंने लंका पर चढ़ाई से पहले हनुमान के अतुलित बल, बुद्धि को याद दिलाया। उन्होंने कहा स्व पुरुषार्थ, प्रगति की दिशा दिखाता है। भारत का बड़ा होना दुनिया को प्रतीत हो रहा है। दुनिया को मालूम हुआ कि एक काढ़ा लोगों को कोरोना से जान बचायी, भारत के आयुर्वेद को हेय दृष्टि से देखते थे। भारत की उन्नति की प्रतिक्षा सारी दुनिया कर रही है।

भारत को स्व के आधार पर प्रगति करना है। स्व आधारित भारत हमारे देश व सम्पूर्ण विश्व की आवश्यकता है। राष्ट्र बनते हैं बनाए नहीं जाते हैं, बनाए हुए राष्ट्र मिट जाते हैं। इतिहास का जब जन्म हुआ तो हमें एक राष्ट्र के रुप में देखा गया, उस समय भी अनेकता, विविधता व कई सम्प्रदाय थे। सम्पूर्ण विविधताओं को स्वीकार करने वाला, सारी विविधताओं को लेकर चलने वाला आज वह चल रहा है। हमारे ऊपर दो हजार वर्ष से आक्रमण हुए सबको पचाकर आज भी खड़े हैं, वह हमारी शक्ति थी, जिसको लेकर खड़े हैं। एकता की ही विविधता हमारे पूर्वजनों ने पहचाना, सारी दुनियां को एक साथ जोड़ा। इस दौरान मधुसूदन दादू, विभाग संचालक, सूर्य प्रकाश टोंक सहित मेरठ प्रांत के प्रबुद्ध वर्ग मौजूद रहे। भारत का प्रयोजन अक्षय है, सबको जोड़ने वाला है, सबका उन्नति करने वाला धर्म है, पूजा नहीं, कर्तव्य ही धर्म है, स्वभाव ही धर्म है, कर्तव्य निर्धारण करने वाला धर्म है, सबकी उन्नति करने वाला धर्म है।

संविधान सभा में डॉ. अंबेडकर ने जो कहा सामाजिक समरसता में ही आता है, बंधु भाव को ही धर्म कहता हूं। आज दुनियां में जो चल रहा है, वहां अपनापन नहीं है, सारे विश्व की अशांति का कारण है स्वार्थ। अपना मूल है परोपकार। इस दौरान मधुसूदन दादू, विभाग संचालक, सूर्य प्रकाश टोंक सहित मेरठ प्रांत के प्रबुद्ध वर्ग मौजूद रहे।

## जनहित कॉलेज ऑफ लॉ के छात्रों ने मनाया संविधान दिवस



**ग्रेटर नोएडा,** 26 नवम्बर (देशबंधु)। जनहित कॉलेज ऑफलॉ में भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों के प्रति उत्कट प्रतिबद्धता के साथ संविधान दिवस मनाया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों और संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे संवैधानिक जागरूकता और प्रशंसा की भावना को बढ़ावा मिला।

जनहित कॉलेज ऑफ लॉ के निदेशक प्रो.डॉ. अजय कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कानून के समक्ष समानता के महत्व पर जोर दिया और संविधान द्वारा नागरिकों को दिए गए विभिन्न मौलिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। उनके ज्ञानवर्धक वक्तव्य ने दिन की गतिविधियों के लिए एक आधार प्रदान किया, जिससे हमारे देश का मार्गदर्शन करने वाले संवैधानिक ढांचे पर चर्चा के लिए माहौल तैयार हुआ।

निबंध लेखन, भाषण और पोस्टर मेकिंग सहित बौद्धिक रूप से प्रेरक प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई,जो सभी विविध संवैधानिक विषयों पर केंद्रित थीं। छात्रों द्वारा प्रदर्शित उत्साह संवैधानिक सिद्धांतों के साथ गहरे जुड़ाव और नागरिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के आयोजन और सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले संकाय और स्टाफ सदस्यों में चेतनराज सिंह, पवन प्रतापसिंह, गोविंद सिंह,मीनाक्षी तोमर, साजिद खान, रीता, अंकित चंदगुप्ता, शशि शुक्ला, कुलदीप कुमार यादव, दृष्टि जिंदल, कल्पना सिंह, खुशबू शर्मा, ऐश्वर्या मिश्रा, सतेंद्र कुमार, संजय, हरिओम एवं प्रदीप आदि रहे। उनके समर्पण और समर्थन ने संविधान दिवस समारोह के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया, जिससे एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ जहां छात्र संवैधानिक लोकाचार का पता लगा सकें, व्यक्त कर सकें और जश्न मना सकें।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 27 नवम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## सुरंग में जीवन, तो आस्मां में छवि की तलाश

ऐसे वक्त में जब उत्तरकाशी स्थित सिल्क्यारा की धसकी हुई सुरंग में 14 दिनों से 41 मजदूर फंसे पड़े हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गगन में लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भर रहे हैं। पिछले करीब एक हफ्ते से लग रहा था कि अंधेरी सुरंग में मजदूर कभी भी बाहर आ सकते हैं, लेकिन हर गुजरता दिन बेनतीजा साबित हो रहा है। इन सबसे बेपरवाह मोदी के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। एक राज्य से निकलकर दूसरे राज्य में चुनावी रैलियों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान में गुरुवार की शाम को प्रचार अभियान थमने के तुरन्त बाद मोदी मथुरा पहुंचे जहां उन्होंने ब्रज रज उत्सव के नाम से आयोजित मीरा जन्मोत्सव में हिस्सा लिया। फिर वे शुक्रवार की अलसुबह कृष्णजन्मभूमि में उस स्थान पर भगवा वस्त्र धारण कर पहुंचे जहां श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। शनिवार को सुरंग में बचाव अभियान इसलिये रुक गया क्योंकि ड्रिलिंग के दौरान ऑगर मशीन की ब्लेड सरियों से टकराकर टूट गई। अब मलबे को हाथ से हटाये जाने की तैयारी है और मजदूरों को बाहर का सूरज देखने के लिये अभी इंतज़ार करना पड़ सकता है।

यह विडंबना ही है कि बचाव अभियान की समीक्षा करने या मजदूरों की खोज-खबर लेने या फिर इस बाबत कोई बात करने की बजाये पीएम की वरीयता लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भरने की है। वैसे मोदी नामक फिनोमिना में यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं रह गयी है क्योंकि देश उन्हें पिछले तकरीबन साढ़े नौ वर्षों से यही सब करता हुआ देख रहा है। उनके इस कार्यकाल में अनगिनत घटनाएं ऐसी हुई हैं जिनमें प्रधानमंत्री उन्हें नज़रंदाज़ कर या आवश्यक कार्रवाई न कर गैरज़रूरी काम करते हुए दिखे हैं। छोटी-मोटी घटनाओं को एक तरफ कर दें तो 20 जवानों को लील लेने वाले पुलवामा में सीआरपीएफ की टुकड़ी पर आतंकी हमला होने के बावजूद मोदी वन्य जीवन पर शूटिंग करने में व्यस्त थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कई बार उनसे बात करने की कोशिश की लेकिन वे संचार प्रणाली की पहुंच से बाहर थे। शाम को जब उनसे बात हुई भी तो मोदी ने उनसे चुप रहने के लिये कहा। मणिपुर में उन्हें जाने का कभी भी समय नहीं मिला जो हिंदू मैतेई एवं ईसाई कुकी सम्प्रदायों के परस्पर टकराव से जल रहा है। लगभग आठ महीनों में वहां अनेक हत्याएं हुई हैं। अब भी जारी हैं। हजारों मकान जल गये हैं, बड़ी तादाद में लोग शरणार्थी शिविरों में बसर कर रहे हैं। तो भी वहां जाना तो दूर की बात है, मोदी ने इस बाबत मुंह से तब तक एक शब्द भी नहीं निकाला जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह चेतावनी नहीं दे दी कि अगर वह कुछ नहीं करती तो शीर्ष न्यायालय ही कोई कदम उठायेगा।

जिन पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें प्रचार के दौरान मोदी ने मुद्दों पर कम बात की और विरोधी दलों के नेताओं पर व्यक्तिगत हमले और उनकी छवि को धूमिल करने के ही अधिक प्रयास किये। मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं- सोनिया-राहुल-प्रियंका गांधी तथा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर मोदी अपने खास सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं स्टार प्रचारकों के साथ विशेष आक्रामक रहे हैं। उनकी छवि पर बड़े हमलों का कारण यह भी है कि मोदी की अपनी छवि लगातार दरक रही है। सिलसिलेवार प्रशासनिक असफलताओं के कारण अब उनकी योग्यता पर सवाल उठने लगे हैं। इनके चलते, प्रमुख प्रदेश राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, जहां मतदान हो चुका है उन सभी में भाजपा की पराजयों के अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं। तीनों राज्यों में स्थानीय नेतृत्व को दरकिनार कर दिया गया है और चुनाव मोदी के चेहरे पर ही लड़ा गया है। ऐसे में आने वाले समय में मोदी की छवि के पूर्णत: ध्वस्त होने की भी पूरी सम्भावना बताई जा रही है।

इन तमाम परिस्थितियों में मोदी को अपनी छवि को दुरुस्त करने और नये सिरे से निखारने की ज़रूरत है। तेजस के कॉकपिट में बैठकर शून्य में मोदी न जाने किसे हाथ लहरा रहे हैं, लेकिन यह बात साफ है कि वे अपनी छवि को नयी ऊंचाइयां देने के लिये संघर्षरत हैं जिसे उन्हें अगले वर्ष के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों तक संजोकर रखना होगा। ऐसा न होने पर चुनाव जीतने की बात तो दूर है, उनकी दावेदारी तक को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

इसलिये मोदी को क्रिकेट विश्व कप का अंतिम मुकाबला उन्हीं के नाम पर बने अहमदाबाद के स्टेडियम में कराना पड़ता है जबकि ऐसे आयोजनों के लिये मुम्बई का वानखेड़े या कोलकाता का ईडन गार्डन स्टेडियम अपनी ऐतिहासिकता और खेल सन्दर्भों के कारण कहीं अधिक मुफ़ीद माना जाता है। जैसा कि अब खुलासा हुआ है, विश्व कप जीतने पर ट्रॉफी के साथ मोदी की राजस्थान में भव्य यात्रा निकालने की योजना थी ताकि उसका सियासी लाभ लिया जा सके, लेकिन जिस जीत का श्रेय वे लेना चाहते थे, वह मुकाबला भारत हार गया और वे जनता से मिले नये नाम 'पनौती' को खुद पर चस्पां कर स्टेडियम से बाहर निकले। उनका गुस्सा निर्वाचन आयोग के जरिये राहुल को जारी नोटिस से निकला। बहरहाल, तेलंगाना को छोड़कर, जहां प्रचार मंगलवार को थम जायेगा, सभी जगहों पर (उपरोक्त के अलावा मिजोरम भी) मतदान हो गया है। इसके मद्देनज़र मोदी के पास एक और डबल इंजिन वाले राज्य उत्तराखंड की सुरंग में फंसी 41 ज़िंदगियों के लिये चिंता करने का समय नहीं है। उन्हें आकाश में उड़ान भरकर पहले अपनी छवि को गगनचुंबी बनाना है।

# ये विधानसभा फैसला करेंगी कि 2024 किसका होगा

अब कांग्रेस के वापस इंडिया में समाहित होने का समय है। चार राज्यों के चुनाव हो गए हैं। पांचवे तेलंगाना के 30 नवंबर को हो जाएंगे। पांचों राज्यों में कांग्रेस मुख्य रोल में थी। भाजपा केवल तीन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में थी। बाकी मिजोरम में भाजपा जो अभी सरकार में है वह खत्म हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो सब जगह चुनाव में जाते हैं, स्थानीय निकायों तक के, वे मिजोरम गए ही नहीं। साढ़े 9 साल में यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री किसी राज्य के चुनाव में नहीं गए।

कारण बहुत स्पष्ट मणिपुर था जो करीब 7 महीने से गृह युद्ध की आग में जल रहा है। 200 के करीब लोग मारे जा चुके हैं। जिनमें सेना और सुरक्षा बल के लोग भी शामिल हैं। विपक्ष के नेता राहुल वहां हो आए हैं। मगर प्रधानमंत्री वहां गए ही नहीं। नाराजगी और गुस्सा सिर्फ वहां के लोगों में ही नहीं है मणिपुर के आसपास के इलाकों में भी है।

उसी मणिपुर से मिजोरम की सीमा लगी हुई है। भारी हिंसा के बाद लोग मणिपुर से पलायन करके मिजोरम पहुंचे थे। अभी भी हजारों लोग वहां शरणार्थी की तरह रह रहे हैं। प्रधानमंत्री के मणिपुर न जाने और हिंसा रोकने के कोई गंभीर प्रयास नहीं करने, राज्य सरकार जो पूरी तरह फेल हो गई है उसे बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन तक न लगाने से पड़ोसी मिजोरम में इतना आक्रोश है कि वहां के मुख्यमंत्री जोरमथांगा जो वहां भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं, को यहां तक कहना पड़ा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी आए तो वे उनके साथ मंच शेयर नहीं करेंगे। आज तक किसी प्रधानमंत्री के लिए यह नहीं कहा गया है।

मगर गोदी मीडिया यह नहीं चलाएगा। वह पूरी ताकत से हाई लाइट करेगा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो फाइटर प्लेन में उड़े। कुछ टीवी चैनलों ने तो यहां तक चलाया कि मोदी ने फाइटर प्लेन उड़ाया!

जनता को बिल्कुल ही बेवकूफ समझ रखा है। बिना सीखे तो कोई साइकल नहीं चला सकता। मगर मोदी जी ने फाइटर प्लेन उड़ाया! और दूसरी बात इनसे पहले कोई प्रधानमंत्री इसमें नहीं उड़ा! मतलब कोई और अगर उड़ना चाहता तो एयर फोर्स मना कर देता!

हद है! प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की क्या यह ख्वाहिश हो सकती है कि वह फाइटर प्लेन में घूमे? प्रधानमंत्री के लिए करने को बहुत काम होते हैं। केवल नेहरू पर दोष मढ़ने और जहाजों में घूमने का ही काम नहीं होता है। बल्कि यह भी देखने का होता है कि हमारे 41 मजदूर दो हफ्ते से ज्यादा समय से सुरंग में किस तरह फंसे हुए हैं।

जिस समय प्रधानमंत्री तेजस, जिसे बनाया भी कांग्रेस के समय ही गया था, में बैठने से पहले फोटो खिंचवा रहे थे उस समय उत्तराखंड से सबसे खराब खबर आ रही थी कि मजदूरों को निकालने वाली मशीन टूट गई है। जिस विदेशी मशीन से उम्मीद बंधी थी वह अब काम नहीं कर सकेगी।



शकील अख्तर

> अगर इन विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत गई तो राज्यों से भाजपा का नेतृत्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जैसे पहले महाराष्ट्र में फड़नवीस और हरियाणा में खट्टर को लाकर बिठा दिया वैसे ही वे राज्यों में किसी को मुख्यमंत्री बना देंगे। पार्टी में अभी भी है मगर फिर पूरी तरह मोदी मोदी ही हो जाएगा। जो कभी मध्य प्रदेश में शिवराज या राजस्थान में वसुंधरा नाम सुनने को मिलता था वह खत्म हो जाएगा।

मगर इन सबसे बेपरवाह प्रधानमंत्री अलग-अलग मुद्राओं में तेजस के साथ फोटो बनवा रहे थे और टीवी में इस तरह बता रहा था कि जैसे सिर्फ तेजस ही नहीं उसे बनाने वाली हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भी 2014 के बाद ही बनी है। कांग्रेस के समय में बनाए गए एचएएल का कोई जिक्र नहीं।

लगता है जैसे प्रधानमंत्री इन सब चीजों से बहुत ऊपर उठ गए हैं। मणिपुर की हिंसा पर कोई बयान नहीं। दिल्ली और एनसीआर में इतना जबर्दस्त वायु प्रदूषण फैल रहा है उस पर एक मीटिंग नहीं। यह दिल्ली और एनसीआर से आगे जाकर कई राज्यों में अपना असर दिखा रहा है क्या बिना केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के इस समस्या का कोई समाधान संभव है? मगर प्रधानमंत्री मौन! वैसे ही जैसे चीन की घुसपैठ पर हैं। वह तो अच्छा है मामला केन्द्र सरकार पर नहीं आ रहा। मीडिया पूरा दोष दिल्ली सरकार पर रख रहा है कि उसी की गलती है नहीं तो प्रधानमंत्री जी को चीन के मामले की तरह यहां भी यह कहना पड़ता कि कोई प्रदूषण नहीं है। न कोई जहरीली हवा आई है, न है।

और सबसे गजब तो जनता की तंद्रा है। वह साढ़े 9 साल से ऐसे सोई हुई है कि उसे किसी चीज से कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा। नौकरी नहीं है, महंगाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री राजस्थान में जाकर कह रहे हैं कि 450 का सिलेंडर देंगे। अरे भाई जब वहां दे सकते हो तो पूरे देश में एक हजार से ऊपर का क्यों? सब जगह साढ़े चार सौ का दीजिए ना! मगर कोई पूछने वाला नहीं। प्रधानमंत्री के जो मन में आता है बोलते हैं और जो नहीं बोलना होता, जनता के मतलब की बात होती है वह नहीं बोलते। मंगलयान से मंगल ग्रह पर अपना फोटो पहुंचा देते हैं। और देश में ही मणिपुर, मिजोरम नहीं जाते।

यह पांच राज्यों के चुनाव इस बात का भी फैसला करेंगे कि क्या मोदी का यह मेरी मर्जी का एटिट्यूट जारी रहेगा या उन्हें जवाबदेह बनना होगा। जवाबदेह जनता के प्रति, मगर साथ में अपनी पार्टी के प्रति भी। अभी मोदी जी किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं हैं। संसद के प्रति भी नहीं। वहां सदन में बैठते ही नहीं हैं। विपक्ष का तो रोज, नए-नए नाम झूठों का सरदार, घमंडिया और भी बहुत सारे रखकर, मजाक उड़ाते रहते हैं उसे जवाब देने का तो सवाल ही नहीं। जनता को हिन्दू-मुसलमान के नशे में ऐसा बेसुध कर रखा है कि वह अपने बच्चों का भविष्य तक भूल गई है और अपनी पार्टी भाजपा के नेताओं को तो उन्होंने इन विधानसभा चुनावों में बता ही दिया कि वे राज्यों के चुनाव भी बिना राज्यों के नेताओं को साथ लिए लड़ सकने का दम दिखा सकते हैं। अब परिणाम जो भी हो उन्होंने राजस्थान में वसुंधरा राजे को किनारे धकेल कर और मध्य प्रदेश में तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम तक न लेकर यह चुनाव लड़ लिया।

अब अगर इन विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत गई तो राज्यों से भाजपा का नेतृत्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जैसे पहले महाराष्ट्र में फड़नवीस और हरियाणा में खट्टर को लाकर बिठा दिया वैसे ही वे राज्यों में किसी को मुख्यमंत्री बना देंगे। पार्टी में अभी भी है मगर फिर पूरी तरह मोदी मोदी ही हो जाएगा। जो कभी मध्य प्रदेश में शिवराज या राजस्थान में वसुंधरा नाम सुनने को मिलता था वह खत्म हो जाएगा। लेकिन अगर मोदी जी हार गए तो फिर 2024 उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाएगा। अभी यह पांच राज्यों में कांग्रेस लड़ रही है। और अगर जीत गई तो वह इंडिया हो जाएगी। मतलब फिर 2024 के लिए वह विपक्षी एकता को वापस मजबूत करने में लग जाएगी।

2024 में मोदी से कोई विपक्षी पार्टी अकेले नहीं लड़ सकती। चाहे इन विधानसभाओं में मोदी जो हर राज्य में खुद ही लड़ रहे हैं हार भी जाएं। वह हार कर भी इतने मजबूत रहेंगे कि अकेले कांग्रेस या यूपी में सपा या बंगाल में तृणमूल या दिल्ली में केजरीवाल कोई सोचे कि वह हरा देगा तो आसान नहीं है। लेकिन अगर सब मिलकर इंडिया बन कर लड़े तो फिर मोदी जी के लिए 2024 आसान नहीं होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# तेलंगाना में कांग्रेस आगे बढ़ी है, लेकिन बीआरएस के मुकाबले और मेहनत जरूरी

■ **सुशील कुट्टी**

बीआरएस को हराने के लिए लोग तैयार' जैसी सुर्खियां पूरी सच्चाई सामने नहीं लातीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के खिलाफ मीडिया में एक कहानी चल रही है। यदि मीडिया की भविष्यवाणियों पर भरोसा किया जाये तो लगता है कि बीआरएस बुरी स्थिति में है। तेलंगाना के अंदर और बाहर से हर कोई भविष्यवाणी कर रहा है कि केसीआर जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री हो जायेंगे क्योंकि बीआरएस की सेहत ठीक नहीं है।

उदाहरण के लिए, तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, लेकिन, काफी अस्वाभाविक रूप से, वह तेलंगाना के लिए कह रहे हैं कि 'आइए बीआरएस को हरायें' क्योंकि केसीआर और उनकी पार्टी बीआरएस चुनाव लड़ने और जीतने के लिए 'ड्रग संस्कृति' और 'शराब संस्कृति' पर भरोसा कर रही है, जो न केवल एक मूर्खतापूर्ण दावा है बल्कि गलत साबित होने के लिए भी अभिशप्त है।

> यह भाजपा के हितों की भी पूर्ति करता है जब लोगों को बताया जाता है कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों भाजपा को हराने की साजिश में हैं, भले ही जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत हो। केसीआर की यह टिप्पणी कि 2024 के आम चुनाव के बाद गठबंधन सरकार होगी, भाजपा को रास नहीं आई है। जी किशन रेड्डी का कहना है कि तब तक तो भाजपा तेलंगाना में सत्ता में होगी।

केसीआर की तेलंगाना सरकार की तुलना एमके स्टालिन की तमिलनाडु सरकार से करना एक और अन्नामलाई का अपमान था। पुलिस से नेता बने नेता ने कहा कि केसीआर और स्टालिन एक तरह के दो लोग हैं, जो अपने राज्यों को चलाने के लिए उत्पाद शुल्क आय पर निर्भर हैं। अन्नामलाई ने दावा किया कि तेलंगाना और तमिलनाडु में 80प्रतिशत से अधिक वयस्क पुरुष शराबी हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अन्नामलाई के ऐसे बयानों के आदी हैं, लेकिन केसीआर के लिए यह अप्रत्याशित घटना थी। हां, चुनाव पुराने दुश्मनों को मजबूत करने के साथ-साथ नये दुश्मन भी बना देते हैं। केसीआर के पास इतने पुराने दुश्मन हैं कि उन्हें नये दुश्मन जोड़ने की चिंता नहीं है। केसीआर के पुराने दुश्मनों में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं।

कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी जन्मजात केसीआर-दुश्मन हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी केसीआर-मित्र नहीं रहे हैं। केसीआर का दुबला-पतला शरीर इन दो सज्जनों के फ्रेम में फिट नहीं बैठता है। केसीआर की राहुल-विरुद्धता के बारे में सभी जानते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निर्देशित केसीआर की टिप्पणियों ने शीर्ष सुर्खियाँ बटोरी हैं।

ध्यान दें कि तेलंगाना और तमिलनाडु दोनों में वंशवाद है और अन्नामलाई तेलंगाना सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंशवाद-तख्ते को लागू कर रहे हैं। भाजपा के लिए तेलंगाना में परिवारवाद चुनावी मुद्दा है। तेलंगाना को लक्ष्य करने वाले जनमत सर्वेक्षण लगातार भाजपा को खराब रेटिंग दे रहे हैं, लेकिन भाजपा की बात सुन रहे हैं और पार्टी इस कहावत पर जी रही है कि हर कुत्ते का दिन फिरता है।

'लोग बीआरएस सरकार को हराने के लिए तैयार हैं' अन्नामलाई बोल रहे थे। हर भाजपा नेता की तरह, अन्नामलाई भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करने के आदी हैं। और तेलंगाना में भाजपा के लिए भ्रष्टाचार एक और चुनावी मुद्दा है। लेकिन लोगों ने यह पूछना बंद कर दिया है कि केसीआर की बेटी के कविता को आप नेताओं के लिए ईडी-इलाज क्यों नहीं मिल रहा है? इसलिए जब अन्नामलाई कहते हैं, 'यदि आप भाजपा को आशीर्वाद दें, तो हम भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेंगे', तो इस पर हंसना मुश्किल है।

फिर, अन्नामलाई के तेलंगाना समकक्ष, जी किशन रेड्डी हैं। बीआरएस के खिलाफ 'मूक क्रांति' का उनका दावा मीडिया की कहानी पर फिट बैठता है। लेकिन जब वह 'भाजपा सत्ता में आयेगी' कहकर भ्रमित हो जाते हैं, तो उनका मूड खराब हो जाता है। मीडिया सर्वेक्षण और जनमत सर्वेक्षणों में भाजपा को केवल एक अंक का आंकड़ा दिया गया है, जो कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों से काफी पीछे है। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम को पांच से छह सीटें मिलेंगी और भाजपा को भी इतनी ही सीटें मिलेंगी- उनमें से एक है 'टाइगर' राजा सिंह की गोशामहल सीट।

दरअसल, सारी सकारात्मक भावनाएं कांग्रेस के लिए हैं। मीडिया सर्वेक्षणों और जनमत सर्वेक्षणों ने कांग्रेस की कमर कस ली है। जहां एक ओर भाजपा यह बताने में तत्पर है कि लोग बीआरएस प्रचार वाहनों को अपने गांवों में प्रवेश करने से रोक रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के प्रचार वाहनों पर ऐसी कोई रोक नहीं है। भाजपा की आपत्ति यह है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने नागरिकों पर 'तेलंगाना चुनाव टैक्स' लगाया है। फिर चुनाव वाले सभी राज्यों की तरह, भाजपा का चुनावी वादा है-'डबल इंजन की सरकार'।

यह भाजपा के हितों की भी पूर्ति करता है जब लोगों को बताया जाता है कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों भाजपा को हराने की साजिश में हैं, भले ही जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत हो। केसीआर की यह टिप्पणी कि 2024 के आम चुनाव के बाद गठबंधन सरकार होगी, भाजपा को रास नहीं आई है। जी किशन रेड्डी का कहना है कि तब तक तो भाजपा तेलंगाना में सत्ता में होगी।

हालांकि, वास्तविकता यह है कि कांग्रेस लहर पर सवार है और सुनामी जैसी आशावाद में डूब रही है। बेशक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तरह, कांग्रेस 24 घंटे मुफ्त बिजली से लेकर किसानों के कर्ज माफ करने और महिलाओं के लिए मासिक वित्तीय भुगतान तक की गारंटी के बारे में बात करना बंद नहीं कर सकती। बीआरएस का कहना है कि कांग्रेस का घोषणापत्र 'बेकार और झूठ से भराज्ञ है। लब्बोलुआब यह है कि सभी तीन पार्टियां शीर्ष पर होने का दावा कर रही हैं, परन्तु मतदाताओं ने अपना मन बना लिया है कि उन्हें क्या करना है, जिसका खुलासा 3 दिसम्बर को परिणाम आने पर होगा।

## प्रकाश पर्व

# समाज सुधारक गुरु नानक देव

गुरुनानक जी का जन्म 1469 को महिता के गृहग्राम तलवंडी ननकाना साहिब (अब पाकिस्तान) में हुआ। पिता का नाम कालूचंद एवं माता का नाम तृप्ता था। उनके प्रकाश दिवस पर उनके जीवन पर दृष्टि डाली जाए। उस समय पूर्व देश में चारों तरफ धर्म की उपेक्षा हो रही थी। धर्म के मुखियाओं ने धर्म को खिलौना बना दिया था। राजा सिंह की भांति जनता को नोच नोंच कर परेशान कर रहे थे। गीता में कहा गया है- जब जब होता नाश धरम का और पाप बढ़ जाता है तब लेते अवतार प्रभु यह विश्व शांति पाता है।

मानवगण पुकार पुकार कर प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे थे तब प्रभु परमात्मा ने पुकार सुनकर गुरु नानक को शांति स्थापित करने हेतु धरा पर भेजा-

सुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जग माहे पठाइआ।
सतगुरु नानक प्रगटिया मिही धुंध जग चाणन होआ।।

आपको पढ़ने भेजा तब आपने उस बांधे को ही सारे अक्षरों का अर्थ कर बता दिया। जब आप गाय, भैंस चराने गए तो एक पेड़ के नीचे बैठ कर विश्राम करने लगे तब सिर पर धूप पड़ने लगी तब एक सर्प ने आकर आपके मुख पर छाया कर दी। जब उन्हें उनके पिता ने 20 रुपए दे कर सौदा लाने के लिए भेजा तो आप ने रास्ते में बैठे भूखे साधू को महात्मा को भोजन का सामान दिला दिया सोचा कि इससे अच्छा सौदा और कुछ हो ही नहीं सकता।

तब आपके पिता ने आपको अपनी बहन नानकी के गांव सुलतानपुर लोधी के यहां भेज दिया। वहां उनका बहनोई इन्हें किसी काम पर लगवा देंगे तब जीजा जयराम ने आप को नवाब दौलत खां लोधी के मोदी खाने में काम पर लगा दिया वहां आप जब रसद वगैरह तौलकर देते तब सब तेरह तेरह करके उनको कई दफा ज्यादा रसद दे देते। इनकी शिकायत नवाब से की गई तब उनका हिसाब किया गया तो गुरु नानक देवजी को ही और रकम नवाब से मिली तब आप ने नवाब की नौकरी से इस्तीफा दे दिया। एक दिन आप सुलतानपुर में बेड़े नदी स्नान करने गए और ऐसी डुबकी लगाई कि तीन दिन तक निकले ही नहीं। वहीं से आप सचखंज गए प्रभु परमात्मा से मिलकर फिर वहीं नदी से बाहर आए। 'बाबा पैंधा सचखंण नवनिधि नाम गरीबी पाई' नदी से बाहर आने पर आपने ध्यान लगाया तो देखा हाहाकार मची हुई है। बाबा देखे ध्यान धर जलती सब पृथवी दिसआई। बस फिर आपने भाई बाला और मरदाना के साथ लोगों को प्रभु सिमरन कराने के लिए लम्बी यात्राएं कीं जिनको आप चार उदासियां कहा जाता है। आपके प्रचार करने का अंदाज ही निराला था। आपने जगह-जगह प्रचार किया और लोगों को प्रभु सिमरन भक्ति से जोड़ा और आमनाबाद में जब आप भाई लालो के घर में रुके तब मलक भागो ने भोज कराया और सारे गांव को प्रसाद गहण कराया और गुरुदेव को भी न्यौता दिया। तब आप नहीं गए। गुरुदेव को जबदस्ती बुलाया गया और तब गुरुदेव ने उनकी पूड़ी-कचौड़ी को एक हाथ में और दूसरे हाथ में भाई लालो की कोदरे की रोटी को पकड़ा और दोनों को निचोड़ा तो कोदरे की रोटी से दूध और पूड़ी-कचौड़ी से खून की धार निकली। तब उन्होंने मलक भागो से कहा-आपने गरीबों का खून चूस चूस कर यह भोजन बनाया है इसलिए यह खाने योग्य नहीं है। ईमानदारी से मेहनत करके रोटी बनाई है इसलिए इसमें से दूध की धार निकली। एक बार जब आप जगन्नाथपुरी में आरती की तो -गगन में थाल रविचंद दीपक तार का मंडला जनक मोती। धूप मलयानले पवन चवरो करे सगल बनराय फुलंत जोती।।

**इंदरसिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### उत्तरकाशी में टनल में फंसे 41 मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी बरकरार

बड़े-बड़े पुल,भवन और इमारतों के निर्माण में मजदूरों का योगदान सराहनीय रहता है। जीवन को दांव पर लगाने में भी पीछे नहीं हटते है। उत्तरकाशी का दर्दनाक हादसा आंखों से ओझल भी नहीं हो रहा है। टनल में फंसे 41 मजदूरों के लिए देश-विदेश से दुहाई की जा रही है लेकिन 15 दिन बाद भी टनल के रेस्क्यू में अड़चन खड़ी हो रही है। मजदूरों के फंसे रहने से उनके परिवारजनों की दिलोदिमाग की हालत खराब होती जा रही है। उतराखण्ड की सरकार हर संभव उपाय कर रही है। अमेरिका को ऑर्गर मशीन टूटने के बाद विदेशी विशेषज्ञों के सभी उपाय नाकाम साबित होते दिख रहे है। वर्टीकल ड्रिलिंग शुरू की गई है जिससे पहाड़ से खुदाई कर लोगों को सही सलामत बाहर निकालने में सफलता मिल सके। 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया है लेकिन राजस्थान विधानसभा चुनाव में उत्तरकाशी के मजदूरों पर कांग्रेस सियासत करना नहीं भूली। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने राहुल के विवादित बयान का जवाब देने की जगह टनल में फंसे मजदूरों पर सियासत गर्म की गई। टनल में फंसे सभी मजदूरों को बाहर निकालने में बहुत सारी कम्पनियों ने कमर कस ली है। सरकार ने लैंडलाइन टनल में डालकर मजदूरों के परिवार से टेलीफोन से बात कराने की व्यवस्था की गई है। पहाड़ काटकर टनल की चोटी से खुदाई शुरू की है। समय लग सकता है लेकिन सरकार के उपाय कारगर साबित होने की पूरी संभावना है। मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया गया है। अचानक हुए हादसे में 41 मजदूरों के फंसने के बाद उनके परिवारजनों के हालात खराब हैं लेकिन सरकार की पूरी कोशिश रही है कि सभी मजदूरों को किसी भी हालत में सही सलामत उनके परिवार को सौंपना है। अनेक दिक्कतों के बाद नई समस्या आ खड़ी हुई है। खुदाई में मलबा गिरने की संभावना है। बहरहाल, सभी उपाय किए जा रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशीय निक्की हेली का वर्चस्व

अमेरिकी नागरिकों का भारत के प्रति बढ़ता स्नेह और तेजगति से हिन्दू धर्म की तरफ आकर्षित होते अमेरिकियों का कोई सानी नहीं है। वैसे तो कट्टरपंथी देशों में राधेश्याम, हरे कृष्णा और सीताराम के जयकारे लगने लगते रहे हैं। सऊदी अरब में मन्दिर का निर्माण एक कौतूहल पैदा कर रहा है। भारत और भारतवासियों की विदेशों में भी बोलबाला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारतवंशी है और अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस कैलिफोर्निया की पहली महिला उपराष्ट्रपति हैं। भारतवंशी अनेक पदों को सुशोभित कर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। ऋषि सुनक 2022 में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बने। इसी क्रम में निक्की हेली का जनाधार अमेरिका में बढ़ता जा रहा है। वे राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका में युवा चेहरा है। जो डोनाल्ड ट्रंप के बाद दूसरी जनाधार पार्टी के रूप में आगे बढ़ रही है। निक्की हेली की लोकप्रियता बरकरार है। अमेरिकावासियों के दिल मे भारतवंशियों का नाम सबसे आगे है। अमेरिका में भारत के लोगों का विश्वास भरपूर है। निक्की हेली की दानदाताओं ने भरपूर मदद की है। इस बार हेली की जीत पर कोई ग्रहण नहीं लगता है तो 2024 में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाजी मार सकती हैं। अमेरिका और ब्रिटेन दुनिया में महासत्ता के नाम से जाने जाते हैं। इन पर भारतवंशिय का बोलबाला है तो इससे बढ़कर भारत का गौरव और क्या हो सकता है। निक्की की बढ़ती लोकप्रियता में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अहम भूमिका हो सकती है। विदेश नीति में सुधार, गर्भपात के अधिकार पर हेली का रुख कहीं न कहीं सफलता की ओर अग्रसर हो रहा है। जटिल मुद्दे उठाकर निक्की ने लीडरों को अपने पाले में कर लिए हैं जिससे उम्मीद बढ़ गई है। हेली को मिलने वाले करोड़ों के फंड से यह तय है कि हेली चुनाव में परचम लहरा सकती हैं। यह भारत के लिए सुखद समाचार है। दुनियाभर में भारत का नाम रोशन करने वाले भारतवंशियों की साख में उतरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# प्रादेशिकी

## हमीरपुर में खुलेगा बिजली बोर्ड का चीफ इंजीनियर कार्यालय

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में विद्युत बोर्ड का चीफ इंजीनियर कार्यालय खोलने तथा हमीरपुर शहर की बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए 20 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा करते हुए कहा कि एक वर्ष में शहर की बिजली की तारों को भूमिगत किया जाएगा। श्री सुक्खू ने वर्षों से लम्बित बस स्टैंड के निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में दो करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इस वर्ष बरसात के दौरान भारी बारिश, भू-स्खलन तथा बाढ़ से आई आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए 'पुनर्वास' कार्यक्रम के तहत आज हमीरपुर जिला में आपदा प्रभावित परिवारों को 14 करोड़ रुपए से अधिक की राहत राशि प्रदान की गयी, जिनमें 122 परिवारों को मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर पहली किस्त के रूप में 3-3 लाख रुपए जारी किए।

## संविधान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित

■ आगामी वर्ष से कार्यक्रम राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा: मुख्यमंत्री

**शिमला,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संविधान दिवस के अवसर पर आज शिमला स्थित, चौड़ा मैदान में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर प्रदेशवासियों की ओर से पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, विधायक हरीश जनारथा व रवि ठाकुर, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, मुख्यमंत्री के ओएसडी रितेश कपरेट, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर, राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद करड़, नगर निगम शिमला के पार्षदगण और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पाजंलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग व डॉ. भीम राव अम्बेडकर वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित




कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आगामी वर्ष से संविधान दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम राजकीय समारोह के रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अम्बेडकर समाज सुधारक और प्रख्यात विद्वान थे। उनके आदर्श सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। शिक्षा और समाज की प्रगति के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहे।

मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार करने जा रही है और प्रदेश के स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए शीघ्र ही गेस्ट फेकल्टी टीचर्ज़ पॉलिसी लेकर आ रही है। इसके तहत अस्थायी तौर पर मेधावी गेस्ट लेक्चरर्ज़ की सेवाएं ली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित लोगों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी दिलाई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए संविधान दिवस आयोजित किया जाता है। हमारे संविधान ने नागरिकों को गरिमा और एकता का संदेश दिया है।

### लोकसभा चुनाव से पहले ही मुरझा रहा कमल : कांग्रेस

शिमला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव चौहान ने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले ही भारतीय जनता पार्टी का कमल मुरझाने लगा है। यही वजह है कि आज हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जनहित के निर्णयों से भाजपा के नेता घबराने लगे हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही इंगलिश मीडियम शुरू करने का निर्णय लिया, जो अपने आप में एक सराहनीय कदम है। सौरव चौहान ने कहा कि कर्मचारियों को ओपीएस का तोहफा दिया तो विपक्ष इस पर भी राजनीति करने लगा।

## धामी ने टनकपुर आईएसबीटी का किया शिलान्यास व भूमि पूजन'




■ अमर नाथ तिवारी

**देहरादून,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। टनकपुर में रोडवेज के छह दशक पुराने मंडलीय कार्यालय वाली भूमि पर बनाए जा रहे आईएसबीटी का रविवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि इससे परिवहन सेवाओं में सुधार के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को चंपावत जिले के दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री सुबह करीब 9.45 बजे हेलीकॉप्टर से टनकपुर स्टेडियम में बने हेलीपैड पर पहुंचे। वहां कार से कार्यक्रम स्थल रोडवेज डिपो टनकपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर सीएम ने पुराने मंडलीय कार्यालय वाली भूमि पर बनाए जा रहे आईएसबीटी का सुबह 11 बजे भूमि पूजन किया। साथ ही आईएसबीटी का शिलान्यास भी किया। टनकपुर में रोडवेज के छह दशक पुराने मंडलीय कार्यालय वाली भूमि पर बनाए जा रहे आईएसबीटी का आज सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि इससे परिवहन सेवाओं में सुधार के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। सीएम ने गुणवत्ता के साथ समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके सांसद अजय टम्टा, परिवहन सचिव अरविंद हयांकी आदि मौजूद थे। सीएम इससे पूर्व 15 जनवरी को इस क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं। रोडवेज कार्यशाला, जीएम कार्यालय के अलावा जल निगम की कुल 45 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 55.90 करोड़ रुपए से इस परियोजना का निर्माण कार्यदाई एजेंसी सीएनडीएस को फरवरी 2025 तक पूरा करना है।

### किसान सीसीआई के राज्य स्तरीय कार्यालय का 29 को करेंगे घेराव

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता (बीकेई ) के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि सीसीआई सिरसा जिले में बिना किसी शर्त के नरमे की सरकारी खरीद शुरू करे। अगर 28 नवंबर तक सीसीआई नरमे की खरीद शुरू नहीं करती है तो किसान बुधवार 29 नवंबर को सीसीआई के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बरनाला रोड, सिरसा स्थित राज्य स्तरीय कार्यालय का घेराव करेंगे। किसान नेता औलख ने बताया कि 25 नवंबर तक सिरसा जिले की मंडियों में कुल सात लाख 14 हजार क्विंटल नरमे की आवक हुई है, जिसमें से मात्र 11900 क्विंटल नरमा ही सीसीआई ने खरीदा है। हरियाणा में सीसीआई के 21 खरीद केंद्र हैं जिनमें अब तक कुल 50 हजार क्विंटल नरमे की ही खरीद हुई है केंद्र सरकार की एजेंसी सीसीआई खराब क्वालिटी का बहाना बनाकर नरमा नहीं खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नरमे का बीटी बीज महंगे दामों पर खरीद कर किसानों ने बिजाई की, पेस्टिसाइड व फर्टिलाइजर भी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त निर्मित कंपनियों के ही प्रयोग किये फिर भी नरमे की फसल गुलाबी सुंडी के भयंकर प्रकोप से बर्बाद हो गई है, जिससे नरमे की उपज बहुत कम हुई है। किसान आर्थिक मंदी की मार झेल रहे हैं, जो थोड़ी बहुत नरमे की उपज हुई है, उसे भी सरकार नहीं खरीद रही है। सरकारी खरीद न होने की वजह से प्राइवेट कॉटन फैक्ट्री संचालक किसानों के नरमे की फसल को कम दाम में खरीद रहे हैं।

### नगर निगम में विधायकों को वोट का अधिकार, एक ही कानून पर दो राय कैसे : बिंदल

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि जिस प्रकार से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा की नगर निगम के महापौर और उपमहापौर के चुनावो में विधायकों को दिया गया वोट का अधिकार कानून में पूर्व से ही निहित है, यह अनुचित प्रतीत होता है। अनुचित इसलिए क्योंकि चंद दिन पहले मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार के सचिवों द्वारा सभी विभिन्न जिलाधीशों के आग्रह पर एक स्पष्टीकरण दिया गया था, जिसमें इस चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत विधायकों को वोट डालने का अधिकार नहीं है। जिस एक्ट और कानून का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री अपना वाक्य जनता के समक्ष रख रहे हैं, इन्हीं की सरकार के सचिवों ने इसी कानून का हवाला देते हुए वोट न होने का स्पष्टीकरण दिया था। तत्पश्चात चंद दिनों के बाद स्पष्टीकरण को बदलते हुए नए सिरे से एक और स्पष्टीकरण दिया गया जिसमे विधायको को वोट का अधिकार मिल गया, अब यह बात वही सरकार, वही अधिकारी, मुख्यमंत्री ,कानून, एक्ट और प्रावधान दे रहे हैं जो सिस्टम में पहले से थे।

### सुडोकू 6388 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## संविधान से ही देश की पहचान होती है : भूषण

**सिरसा,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा शहर के बरनाला रोड स्थित पुलिस लाईन के प्रांगण में जिला पुलिस की ओर से रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सविंधान के प्रति सत्य निष्ठा व कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि किसी भी देश का संविधान उसकी पहचान होती है। उन्होंने कहा कि सविंधान किसी भी देश का राजनैतिक व सामाजिक व्यवस्था का बुनियादी सांचा-ढांचा निर्धारित करता है, जिसके तहत उसकी जनता शासित होती है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सविंधान राज्य की विधानपालिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे प्रमुख अंगों की स्थापना करता है और उसकी शक्ति की व्याख्या करता है तथा उनके दायित्वों का भी सीमांकन करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाएं और अपने देश में शांति,उन्नति और समृद्धि को सुनिश्चित करें ।पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि हमारे संविधान में खास बात यही है कि इसमें अधिकार और कर्तव्य के बारे में विस्तार से वर्णन किया हैं। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता व प्रभुता को बनाएं रखने के लिए संविधान की पालना करना सबका दायित्व हैं। श्री भूषण ने बताया कि आज के दिन को संविधान दिवस के रूप में मानने का एक मात्र बड़ा कारण वेस्टर्न कल्चर के दौर में देश के युवाओं के बीच में संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना है, दरअसल यही वह दिन है, जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार रुप देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था। उन्होंने कहा कि इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी, इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संविधान तथा उनके संस्थापकों एवं निर्माताओं के आदर्शों व सपनों के मूल्यों का दर्पण होता है । उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा की ओर से संविधान पारित किया गया, जिन्हें भारतीय लोकतंत्र का आधार कहा जाता है।

## स्टार्टअप फंड की चुनावी गारंटी के नाम पर घालमेल कर रही है सरकार: ठाकुर

**शिमला,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के पहले गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फण्ड का प्रबंध करेगी। जिससे युवा अपने लिए रोज़गार के साधन जुटाए और अन्य लोगों को रोज़गार भी देंगे। कांग्रेस के कई नेताओं ने इसके लिए युवाओं से फॉर्म भी भरवा लिए थे।



चुनाव के एक साल तक सरकार इस फण्ड के नाम पर ख़ामोश रही, पिछले हफ़्ते राज्य सरकार ने 680 करोड़ के राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्टअप योजना की शुरुआत करने की घोषणा की :-जयराम ठाकुर, पूर्व

श्री ठाकुर ने आरोप लगाया कि चुनाव के एक साल तक सरकार इस फण्ड के नाम पर ख़ामोश रही। पिछले हफ़्ते राज्य सरकार ने 680 करोड़ के राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्टअप योजना की शुरुआत करने की घोषणा की। इस योजना के तहत सरकार युवाओं को ई-टैक्सी के लिए 50 फ़ीसदी की सब्सिडी देने की घोषणा की। इस तरह की बात सरकार पिछले नौ महीनें से कर रही है। सरकार की यह योजना कब परवान चढ़ेगी यह तो वक्त बताएगा। अभी एक भी व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिला लेकिन कांग्रेस के नेता इसे तीसरी गारंटी पूरी करने के रूप में प्रचारित करना शुरू कर चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने हरित हिमाचल के तहत भी ई-टैक्सी, ई-बस और ई-ट्रकों पर भी 50 फ़ीसदी सब्सिडी देने की बात की थी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दो योजनाओं के बीच में घालमेल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ई-वाहनों पर सब्सिडी देना अलग बात है। पूरे देश में ई-वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारों द्वारा निजी एवं व्यवसायिक वाहनों की ख़रीद पर विभिन्न प्रकार की छूट दी जा रही हैं। जिसमें शून्य रजिस्ट्रेशन फ़ीस के साथ लाखों रुपए के अनुदान शामिल हैं। लेकिन सरकार द्वारा इसे तीसरी गारंटी के रूप में प्रचारित करना स्टार्टअप के लिए आर्थिक सहायता का इंतज़ार कर रहे प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को अपनी गारंटियां उसी तरह पूरी करनी पड़ेगी, जिस तरह से उन्होंने प्रदेश के लोगों से की हैं। किसी अन्य प्रकार की योजना को दूसरी योजनाओं के साथ जोड़कर वाहवाही लेने का समय अब ख़त्म हो गया है। सरकार को जनहित में मुद्दे पर गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने कहा की सरकार को स्टार्टअप के लिए विशेष नीति बनाकर युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे प्रदेश में युवा नवोन्मेष के साथ आगे आए और नए उद्योग धंधे स्थापित करें। इससे न सिर्फ़ वह अपनी आय के साधन बढ़ाएंगे बल्कि अन्य लोगों को रोज़गार देने के साथ-साथ प्रदेश के आर्थिक विकास में भी अपना योगदान देंगे।

## रिलायंस ज्वैलरी शोरूम लूट कांड में चोरी के वाहन उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

**देहरादून,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। रिलायंस ज्वैलरी शोरूम लूट कांड में लुटेरों को चोरी के वाहन उपलब्ध कराने वाले आरोपी अकबर पुत्र जाहिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रिलायंस ज्वैलरी शोरुम लूट प्रकरण में मुख्य आरोपी अभिषेक से



पूछताछ में पुलिस को घटना के लिए चोरी के वाहन उपलब्ध कराने गैंग के सम्बन्ध में जानकारी मिली थी, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमो लगातार अन्य प्रान्तो में दबिंशे दे रही थी। पुलिस टीम ने घटना में शामिल आरोपियों प्रयोग किये गये वाहनों को उन्हे उपलब्ध कराने वाले आरोपी अकबर पुत्र जाहिद निवासी फैयाज नगर, थाना सैद नागली, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश को फैयाज नगर जिला अमरोहा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अकबर बताया ग कि वह पूर्व में राजस्थान में कुरकुरे की टूयम कंपनी में स्टोर कीपर का काम करता था , जहाँ उसके साथ अलीगढ निवासी सुमित भी काम करता था। आरोपी अकबर ने सुमती नाम की लड़की से प्रेम विवाह कर इलाहाबाद हाईकोर्ट में शादी करी थी। बाद में सुमति की मां ने अकबर खिलाफ 376 व 307 धराओं में मुकदमा भिवाडी राजस्थान फेस 3 पुलिस स्टेशन मे लिखवाया था, जिसमें अकबर के साथ अकरम निवासी राजस्थान, सुमित निवासी अलीगढ़, मुकेश निवासी राजस्थान शामिल थे और सभी लोग 8 महीने किशनगढ़ जेल राजस्थान में रहे थे। अकबर ने अपने साथी सुमित को इस बारे में बताते हुये अपने साथ ले लिया तथा योजना के मुताबिक अकबर और सुमित ने खन्दौली इन्टर चैंज आगरा से जून 2023 के प्रारम्भ में एक कार आर्टिगा यूपी 16 जीटी 7597 सफेद रंग को एक व्यक्ति से लूट ली थी, जिस पर उन्होने फर्जी नं0 सीएच 01 एएच 4177 की नम्बर प्लेट लगाकर बिजनौर मे एक सुरक्षित जगह खडी कर दी थी, जिसको बीच-बीच में सुमित यूज करता रहता था। उसके बाद उन्होंने सितम्बर 2023 के मध्य में एक नीले रंग की अपाचे यूपी 72 एजेड 8285 नम्बर की आईएमटी मानेसर गेट के पास से तथा एचआर 26 डीए 7730 काली अपाचे स्टार मॉल गुडगाव से चुरा ली , जिन पर यूपी 72 एजेड 8285 के स्थान पर यूपी 15सीए 9683 व काले रंग वाली में एचआर 26 एचडी 7730 पर यूपी 71वाई 1860 वाली फर्जी नम्बर प्लेटे लगा दी। दोनो बाईको को लेकर अकबर और सुमित राजस्थान चले गये। सुजीत के कहने पर अकबर ने 31 अक्टूबर 23 को नीले रंग की अपाचे सहारनपुर में, 6 नवम्बर को आर्टिगा कार बिजनौर में तथा 07 नवम्बर 2023 को काली अपाचे मोटर साइकिल को आईएसबीटी देहरादून मे सुजित ने बताये गये व्यक्तियो को सौप दी, इसके एवज में सुजीत ने अकबर को 27 हजार रूपए नगद दिये थे, जिसमें से 5 हजार रुपए सुमित को दिये गये थे। आरोपी ने बताया कि जिन व्यक्तियो को उन्होंने वाहन सोपे गये थे उनमें से एक अभिषेक उर्फ गांधी था।

## लोक कलाकार श्वेता मेहरा का गांव के लिए छलका दर्द

**बेरीनाग,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। पहाड़ में कई गांव आज भी सड़क मार्ग से जुड़ नहीं पाए हैं, जिससे लोगों को आए दिन मीलों का सफर पैदल तय करना पड़ता है। वहीं उत्तराखंड की उभरती कलाकार श्वेता मेहरा दो वर्षों से लगातार अपने गांव जीबल (गंगोलीहाट) आ रही हैं। इस दौरान उन्होंने गांव तक मोटर मार्ग की मांग की है। श्वेता मेहरा का कहना है कि वो शासन-प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों से मार्ग की मांग कर चुकी हैं, लेकिन इस दिशा में एक इंच कार्य भी नहीं हो रहा है। गौर हो कि उत्तराखंड की लोक कलाकार श्वेता मेहरा गांव में बुनियादी सुविधाओं के अभाव से चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि गांव सड़क मार्ग से ना जुड़ने से विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। श्वेता मेहरा पिथौरागढ़ जिले

### सड़क निर्माण की मांग पूरी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी

के गंगोलीहाट तहसील के जीबल गांव की रहने वाली है। गांव में 120 परिवार निवास करते हैं। लेकिन गांव तक सड़क ना होने से लोगों को आज भी रोजमर्रा की वस्तुओं के लिए पैदल सफर तय करना पड़ता है। समस्या तब बढ़ जाती है, जब गांव का कोई बुजुर्ग व्यक्ति बीमार हो जाता है। उसे डोली के सहारे सड़क मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है, कभी-कभी तो बीमार लोग रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। श्वेता मेहरा अपने गांव की सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित हैं। श्वेता ने बताया कि पिछले 6 माह से गांव में सड़क के लिए सीएम से लेकर विधायक और अधिकारियों से मुलाकात कर चुकी हैं। सभी ने मार्च 2024 तक गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही है। श्वेता बताती हैं कि 6 माह पूर्व जहां तक सड़क स्वीकृति की कार्रवाई थी, वो आगे नहीं बढ़ पा रही है। उन्होंने मार्च 2024 तक गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर विश्वास नहीं है। उन्होंने मांग पूरी ना होने पर लोगों के साथ सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। कहा कि लोक निर्माण विभाग 6 माह पूर्व तीन किलोमीटर सड़क की स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेज चुका है।

## गुरुपर्व के शुभ अवसर पर शुरू होगी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा : संघेड़ा

**चंडीगढ़,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार श्री गुरु नानक देव जी के गुरुपर्व के शुभ अवसर पर सोमवार को 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना शुरू करेगी। आप की पंजाब इकाई ने कहा कि धार्मिक स्थलों के मुफ्त दर्शन कराने का मान सरकार का यह कदम सराहनीय है।

रविवार को चंडीगढ़ पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप पंजाब के प्रवक्ता जगतार सिंह संघेड़ा ने बताया कि पंजाब कैबिनेट ने छह नवंबर को 27 नवंबर से 29 फरवरी तक के लिए इस योजना को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि 13 सप्ताह तक श्रद्धालु पंजाब सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर नि:शुल्क हजूर साहिब नांदेड़, पटना साहिब, वाराणसी, आनंदपुर साहिब, तलवंडी साबो, माता नैना देवी मंदिर आदि के दर्शन कर सकेंगे। श्री संघेड़ा ने कहा कि मान सरकार लगभग 53,850 भक्तों को 95 दिनों के लिए यात्रा के लिए ट्रेन और एसी बसें, आवास के लिए तीन सितारा कमरे, चिकित्सा सुविधाएं, एक किट जिसमें यात्रा के लिए सभी आवश्यक चीजें आदि शामिल होंगी, सब कुछ मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए बजटीय आवंटन 40 करोड़ रुपये है। इस योजना के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक मंत्रीस्तरीय समिति भी गठित की गई है, जिसमें मंत्री अमन अरोड़ा, लालजीत सिंह भुल्लर और कुलदीप सिंह धालीवाल शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि अब हमारे बुजुर्ग लोग देश के अलग-अलग कोनों में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन मुफ्त में कर सकेंगे। यह योजना गुरुपर्व के पवित्र अवसर पर पंजाब में शुरू की जाएगी।

## जाइका करेगा स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग

- 10वीं गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में मिली मंजूरी
- प्रधान सचिव वन एवं चेयरमैन डा. अमनदीप गर्ग ने की परियोजना कार्यों की सराहना
- मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने पेश की विस्तृत रिपोर्ट
- 20 एजेंडे पर हुई चर्चा, पिछले 6 माह की रिपोर्ट पर भी हुआ मंथन

**शिमला,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। जाइका वानिकी परियोजना अब स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की ब्रांडिंग करेगा। गत शनिवार को 10वीं गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में यह निर्णय लिया। प्रधान सचिव वन एवं गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन डा. अमनदीप गर्ग की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में पिछले छह महीने के विकास कार्यों पर मंथन किया गया और 20 के करीब नए एजेंडे पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव वन डा. अमनदीप गर्ग ने कहा कि जाइका वानिकी परियोजना के तहत हो रहे विकासात्मक कार्यों में और तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने अब तक हुए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन एवं आजीविका सुधार परियोजना क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि गवर्निंग बॉडी की मीटिंग हर छह माह के भीतर आयोजित की जाती है। इस बार की बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडे पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कुल्लू में जाइका परियोजना के तहत 106 स्वयं सहायता समूह हैं, जो हैंडलूम प्रोडक्ट्स तैयार कर रहे हैं। आने वाले दिनों में इन उत्पादों की ब्रांडिंग जाइका खुद करेगा। इसके अलावा हिमाचल में विलुप्त हो रहे उतक संवर्धन यानी टिशू कल्चर प्रजातियों के पौधे जाइका की नर्सरियों में तैयार किए जाएंगे। बुरांश और भोजपत्र जैसे पौधे तैयार करने के लिए कार्य शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले साल तक प्रदेश में 46 हजार हेक्टेयर भूमी पर पौधरोपण किया गया। इस साल 2 हजार हेक्टेयर भूमी पर पौधे रोपने का लक्ष्य था जो रिकार्ड 23 सौ हेक्टेयर भूमि पर किया गया। नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि जाइका वानिकी परियोजना के तहत सेवाएं दे रहे कर्मचारियों की रिइम्बर्समेंट सौ प्रतिशत हो चुका है। उन्होंने कहा कि गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में जिन-जिन एजेंडे पर चर्चा की गई जिसमें से अधिकांश को मंजूरी भी दी गई।

### मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना पर काम

पीसीसीएफ एवं वन विभाग के मुखिया राजीव कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना पर आर अधिक कार्य कने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब से जाइका परियोजना ने कार्य करना शुरू किया, तब से लेकर अब तक कई उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, मधुमक्खी पालन, पत्तल व्यवसाय, मशरूम की खेती, हथकरघा एवं बुनकर समेत कई क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों को आजीविका कमाने के बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

# प्रादेशिकी

## मिट्टी की ढांग गिरी, दो मजदूर की मौत, तीन घायल

**मेरठ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवार की दोपहर निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट की खुदाई करते समय मिट्टी का ढांग गिरने से 3 मजदूर दब गए। जिससे अफरा-तफरी मच गई। वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने एक मजदूर को सुरक्षित निकाल लिया। जबकि 2 की मिट्टी की ढांग में दबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और ठेकेदार को हिरासत में लेकर जांच-पड़ताल में जुट गई। हादसा गंगानगर थाना क्षेत्र के यू पॉकेट में हुआ। जानकारी के अनुसार मोदीपुरम निवासी विवेक और रवि का गंगानगर के यू पॉकेट में निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स का काम चल रहा है। जिसका ठेका गाजियाबाद की कंस्ट्रक्शन कंपनी वैदिक को दिया है। रविवार को जेसीबी से बेसमेंट की खुदाई चल रही थी। जहां पर सात मजदूर काम रहे थे।

# बिजली उपभोक्ता अब घर बैठे स्वयं बना सकेंगे अपने घर के कनेक्शन का बिल

**लखनऊ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने एक बड़ा फैसला लेते हुए बिजली उपभोक्ताओं को बिलिंग संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों से हमेशा के लिए निजात दिलाने तथा मीटर रीडर द्वारा की जा रही गलत रीडिंग और गलत बिलिंग संबंधी शिकायतों से बचाने के लिए उपभोक्ताओं को ट्रस्ट बिलिंग की सुविधा प्रदान की है। इससे उपभोक्ताओं को बिलिंग की एक आसान व्यवस्था मिलेगी, जिससे वह अपने घर बैठे ही स्वयं अपना

■ **ऊर्जा मंत्री ने नागरिकों पर जताया भरपूर भरोसा**

बिल जनरेट कर सकेंगे और बिल भी प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था से उन्हें अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए, ऊर्जा विभाग उपभोक्ता हित में कार्य कर रहा है। प्रदेश के 3.28 करोड़ उपभोक्तों को सहज एवं सरल ढंग से सुविधायें उपलब्ध हो। इसके लिए ऊर्जा विभाग नयी तकनीकों का उपयोग कर लोगों के क्रियाकलापों को आसान बना रहा है। ऊर्जा मंत्री शर्मा ने जल निगम के फील्ड



**उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा ऊर्जा विभाग : ए.के.शर्मा**

हॉस्टल संगम, लखनऊ में उपभोक्ताओं को दी जाने वाली ट्रस्ट बिलिंग की व्यवस्था की शुरुआत की तथा कन्ज्यूमर ऐप की लांचिंग की।

इस व्यवस्था के तहत उपभोक्ता सेल्फ बिल जनरेशन की प्रक्रिया को अपनाकर घर बैठे अपना बिल स्वयं जनरेट कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि ट्रस्ट बिलिंग के तहत सेल्फ बिल जनरेशन की सुविधा घरेलू और वाणिज्यिक श्रेणी के 9 किलोवाट भार तक के उपभोक्ता को दी जायेगी। ऐसे उपभोक्ता अब घर बैठे अपना स्वयं का बिल जनरेट कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें- यूपीपीसीएल की वेबसाइट www.uppcl.org अथवा www.upenergy.in पर लॉगिन करना होगा। इसके अंतर्गत उपभोक्ता को वेबसाइट की कंज्यूमर कॉर्नर में जाकर सेल्फ बिल जनरेशन Bill Generation को क्लिक व लॉगिन कर रजिस्टर्ड करना होगा और इसमें अपने विद्युत कनेक्शन के खाता संबंधी विवरण को दर्ज कर वर्तमान मीटर रीडिंग के साथ पिछले महीने की डिमांड रीडिंग को भी दर्ज करना होगा।

अन्य विकल्प के रूप में यूपीपीसीएल की नव निर्मित मोबाईल कंज्यूमर ऐप (UPPCL Consumer APP) को एपल एप स्टोर अथवा गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लॉगिन करना होगा। यह मोबाइल एप्लिकेशन उपभोक्ताओं की सेवाओं के लिए नई बनाई गई है। इस पर लॉगिन के बाद Self Bill Generation का विकल्प मिलेगा। उपरोक्त किसी भी तकनीकी विकल्प की पूरी प्रक्रिया को अपनाने के बाद 24 से 48 घंटे में उपभोक्ता का बिल जनरेट हो जाएगा। इसके पश्चात उपभोक्ता के रजिस्टर्ड ई-मेल या उसके दर्ज मोबाइल नंबर पर ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से बिल की सम्पूर्ण जानकारी मिल जाएगी। साथ ही उपभोक्ता उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन की उपरोक्त वेबसाइट या एप पर लॉगिन कर अपना बिल डाउनलोड/प्रिंट कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री शर्मा ने बताया कि नए उपभोक्ताओं को इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिये सर्वप्रथम अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय या बिलिंग काउंटर से बिल को जनरेट करवाना होगा।

### ऊर्जा विभाग की व्यवस्था को अपनाएं लोग : ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि ऊर्जा विभाग की इस लोक उपयोगी पहल एवं व्यवस्था को ज्यादा से ज्यादा अपनाएं और संशय रहित होते हुए समय से अपने बिलों का भुगतान करें, ऐसा करने से उन्हें गलत बिलिंग, बिलिंग में देरी, बिलिंग न होना, गलत रीडिंग की झंझटों से हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओ को उपलब्ध कराई गई इस सुविधा का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और उपभोक्ताओं को मदद एवं मार्गदर्शन करते हुए इसका अधिक से अधिक लाभ प्रदान किया जाए।



## एमडी व प्रधानाचार्यो को शिक्षा राज्य मंत्री ने किया सम्मानित

**मेरठ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने मेरठ पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री व केतिकी शास्त्री समेत ग्रुप की प्रधानाचार्यो सपना आहूजा, (प्रधानाचार्य एम.पी.जी.एस.शास्त्री नगर), अलका गौड़ (प्रधानाचार्या एम.पी.एस.मेन विंग), रचना शर्मा (प्रधानाचार्या एम.पी.एस.एफजी.) एवं राजीव गोयल (प्रधानाचार्य मेरठ पब्लिक स्कूल वेद व्यास पुरी), लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमोद अत्रि (प्रशासक) को शैक्षिक क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान एवं सेवाओं हेतु शिक्षा स्तंभ सम्मान से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप के संस्थापक ताराचंद शास्त्री एवम सहदृसंस्थापिका कुसुम शास्त्री ने उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित करते हुए उनकी महान उपलब्धि के लिए प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

## संविधान दिवस पर लोक भवन में हुआ उद्देशिका का पाठन

**लखनऊ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय संविधान की आत्मा %उद्देशिका% का सामूहिक पाठन रविवार को लोक भवन में किया गया। इस दौरान योगी सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में संविधान की %उद्देशिका% का पाठन किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान हमारे देश में लागू हुआ, लेकिन संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को ही संविधान अंगीकृत कर लिया गया था।

**मौलिक अधिकारों का महत्व तभी है जब हम अपने मौलिक कर्तव्यों को भलीभांति समझें : सुरेश खन्ना**

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने दुनिया के संविधान में जो अच्छी चीजें थी उसको भारतीय संविधान में समाहित किया है। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर के एक वक्तव्य को कोट करते हुए कहा कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों ना हो, उसे लागू करने वाले की मनसा और कार्य करने की शैली प्रभावी रहती है। मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-51क में 11 मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है। संविधान दिवस पर इन मौलिक कर्तव्यों का विशेष महत्व है, जिससे कि इस अवसर पर हम इन कर्तव्यों को अवश्य याद करें और उनका पालन करें। अधिकारों का महत्व तभी है जब हम अपने कर्तव्य को भलीभांति समझें और उसका पालन करें।

उन्होंने कहा कि 2015 से पहले संविधान दिवस मनाने के संबंध में कोई विचार नहीं किया, परंतु भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने पूरे देश में 'संविधान दिवस' के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम के रूप में मनाए जाने के लिए प्रेरित किया, जिससे कि सभी देशवासी संविधान की महत्ता एवं कर्तव्य बोध समझ सके।

**सार संक्षेप**

### जिलाधिकारी ने किया मतदान बूथ का निरीक्षण



**मेरठ।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा नानकचंद एंग्लो संस्कृत इंटर कालेज एवं कनोहर लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में मतदान बूथ का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आप ने मनाया स्थापना दिवस



**मेरठ।** जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी व सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारियो के साथ पार्टी स्थापना दिवस व संविधान दिवस पर केक काटकर सभी को बधाई दी। इसके उपरांत भोला रोड पर आमजनों में केक वितरण किया। अंकुश चौधरी ने कहा आज से ठीक 11 साल पहले 26 नवम्बर 2012, को देश की राजधानी दिल्ली में एक क्रांति का जन्म हुआ था। अरविंद केजरीवाल जी ने आम आदमी पार्टी की स्थापना वाले दिन एक सपना देखा था। हर बच्चे को मुफ्त और बेहतरीन शिक्षा देने का, हर एक का मुफ्त और बेहतरीन इलाज करने का सपना देखा थां। 10 साल में ही वो सपना पूरा हुआ, आज दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य क्रांति ने दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। पार्टी के 'क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं' के जुनून और हर मुश्किल वक्त में पार्टी के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने का ही परिणाम है कि आज 10 साल में ही एक राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के कठिन संघर्ष की बदौलत आज यह क्रांति दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा समेत देश के कोने-कोने में पहुंच चुकी है।

### महिलाओं से छेड़छाड़, बारातियों को बंधक बनाकर पीटा

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र स्थित गांव गंगोल में चढ़त के दौरान बारातियों द्वारा महिलाओं पर टिप्पणी करने को लेकर गांव के लोगों ने बारात को दौड़ा लिया और बारातियों को बंधक बनाकर जमकर पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसी तरह दोनों पक्षों का समझौता कराकर मामला शांत कराया और अपनी मौजूदगी में फेरे कराए।

### संविधान दिवस पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एंव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुपालन में रविवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मेरठ में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी किशोर अपचारीगण को भारतीय संविधान का सम्मान एवं संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया। उक्त कार्यक्रम को हरीराम, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सतीश कुमार यादव, प्रभारी अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह मेरठ द्वारा सम्बोन्धित किया गया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर बना रहस्य स्वार्थ सिद्धि योग

■ अनिल शर्मा

**मवाना/हस्तिनापुर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली भी मनाई जाती है इस दिन पूजा पाठ जप और दान का विशेष महत्व है। यह दिन भगवान विष्णु के अलावा भोलेनाथ को भी प्रिया है इस साल कार्तिक पूर्णिमा तिथि पर दुर्लभ शिव योग के साथ सिद्ध योग और स्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है जो इस दिन को सबसे उत्तम और खास दिन बनता है ऐसे में शुभ मुहूर्त में पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होगी। कार्तिक पूर्णिमा 26 नवंबर को 3ण् 53 मिनट से शुरू होगी इंडियन काउंसलिंग आफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंस के सचिव आचार्य कौशल वत्स ने बताया कि इस दिन गंगा स्नान और दान से व्यक्ति के सभी तरह के पाप धुल जाते हैं इस दिन व्रत रखने से मनुष्य को दोहरी फल की प्राप्ति होती है भगवान विष्णु के साथ भगवान शिव का भी आशीर्वाद मिलता है भगवान शिव ने इसी दिन रक्षक त्रिपुरासुर का वध किया। कार्तिक मास व्रत का होगा उद्यापन कार्तिक पूर्णिमा का पर्व सोमवार को विभिन्न अनुष्ठानों पुण्य दान के साथ मनाया जाएगा।



# बाबा साहब ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया : डा. सोमेन्द्र तोमर

**मेरठ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवार को बॉम्बे बाजार स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स में संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ **संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन**
■ **डॉ.बी.आर.आम्बेडकर एक अर्थशास्त्री विषय पर चर्चा**
■ **भेदभाव को मिटाने के लिए संविधान की भूमिका अहम : अवनीश त्यागी**
■ **संविधान के बल पर ही सिरमौर बनेगा भारतः लोकेश अग्रवाल**

जिसमें भारतीय संविधान प्रचार समिति के बैनरतले डॉ. बीआर आम्बेडकर : एक अर्थशास्त्री के रूप में विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



इस मौके पर अवनीश त्यागी प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, लोकेश अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उप्र, डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी, संजीव गुप्ता, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ.कर्मेंद्र सिंह, डॉ. मनोज जाटव, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राहुल त्यागी, संजय कुमार एड., संजय शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा संविधान में बसी है और संविधान के प्रति मानव अधिकारों की बात रखता है लेकिन कर्तव्यों की नहीं रखता।

### उल्लेखनीय कार्य करने वालो को सजग संविधान रत्न से नवाजा

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले गणमान्य लोगों को सजग संविधान रत्न 2023 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. बबीता शर्मा, अमीता शर्मा, रियाजुद्दीन शानू, मीनू शर्मा, रितु रानी, डॉ. मोनिका शर्मा, जीटीबी के प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह, डॉ. सिम्मी साहोता, डॉ. सीएस चौधरी, बिट्टल रस्तौगी, रामकिशन, हुसैन अहमद, डॉ. तनवीर अली चौहान मुख्य रूप से शामिल रहे।

## चोरी करने पहुंचे चोर को दबोचा, दो फरार

**मेरठ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार देर रात तीन चोर हाथों में छुरी लेकर एक मकान में चोरी करने पहुंच गए। इस दौरान चोरों ने घर में मौजूद नकदी सहित लाखों रुपए की ज्वेलरी चोरी कर ली। किसी तरह पीड़ित परिवार की आंख खुली तो परिवार के लोगों ने चोरों को दौड़ा लिया। नकदी और ज्वेलरी लेकर दो चोर मौके से फरार हो गए। वहीं पीड़ित परिवार के लोगों ने एक चोर को पकड़ कर पिटाई कर दी। इस दौरान चोर ने पीड़ित परिवार पर अपने हाथ में ली छुरी से हमला करने का भी प्रयास किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को हिरासत में लेकर उसके साथियों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी।



## संविधान दिवस पर ज्ञानवर्धक शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित


**मेरठ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शोभित

■ **प्रासंगिकता और विविधता मे एकता पर रखे विचार**
■ **राष्ट्र की प्रगति को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता, छात्रों ने की प्रतिभागिता**

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज (एसएलसीएस) मे भारत के संविधान की समावेशी भावना और विविधता मे एकता के लिए इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए ष्सभी के लिए संविधान विविधता को गले लगाना, एकता को सुनिश्चित करना विषय पर एक ज्ञानवर्धक शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रासंगिकता और विविधता मे एकता पर भावपूर्ण विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आरम्भ उपस्थित सभी लोगों द्वारा संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए ली गई सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

वाद-विवाद सत्र में प्रतिभागियों ने संवैधानिक सिद्धांतों के विकास और राष्ट्र की प्रगति पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए भारतीय लोकतंत्र की यात्रा पर उत्साहपूर्वक चर्चा की।

## संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**मेरठ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एक ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा सर ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. भानु प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष रजत कोहली ने भारतीय संविधान के दार्शनिक आधारों को रेखांकित किया और कहा कि भारतीय संविधान अपनी मौलिकता प्राचीन भारतीय साहित्य से प्राप्त करता है। परिषद की उपाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने कहा कि भारतीय पहलू में धर्म और संविधानवाद का मेल है। उपाध्यक्ष पायल ने संविधान निर्माण में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। परिषद के सचिव सुमित सिंह ने किसी भी व्यक्ति के जीवन में संविधान की भूमिका के बारे में बताया। संयुक्त सचिव दयित्व त्यागी ने भारतीय संविधान के ऐतिहासिक पहलू के बारे में बताया। संयुक्त सचिव शगुन बालियान ने कहा कि धर्म और संविधान एक दूसरे के पर्याय हैं। कार्यक्रम के दौरान विभाग के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रस्तावना की शपथ ली।

## स्मृति ईरानी के सांसद चुने जाने के बाद रोजगार के दरवाजे खुले

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सांसद चुने जाने के बाद रोजगार के दरवाजे खुल गए हैं। जिससे अमेठी में 32 साल बाद सेना भर्ती रैली होगी। दस दिनों की सेना भर्ती रैली में 13 जिलों के करीब एक हजार नव जवान शामिल होंगे। अमेठी में 19 दिसंबर से 29 दिसंबर तक की अग्निवीर सेना भर्ती रैली डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में होगी। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता ने दी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के कार्यकाल में अमेठी में सेना भर्ती कार्यालय खुला था। लेकिन स्व राजीव गांधी की मौत के बाद अमेठी में सेना भर्ती बंद हो गई थी। जबकि राजीव गांधी की मौत के बाद अमेठी के सांसद कैप्टन सतीश शर्मा, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सांसद थे। देश में मनमोहन सिंह की सरकार




■ **अमेठी में 32 साल बाद सेना भर्ती रैली**

थी। लेकिन अमेठी में सेना भर्ती वापस नहीं हुई थी। जिससे अमेठी के नव जवानों को सेना में भर्ती होने के लिए अयोध्या, प्रयागराज आदि जनपदों में जाना पड़ता था। लेकिन 2019 में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सांसद चुने जाने के बाद पहली भर्ती त्रिसुंडी में हुई थी।

# अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में देश-दुनिया से चुनिंदा फिल्में चयनित

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के 17वें संस्करण के लिए इस समारोह की ज्यूरी ने फिल्मों का चयन कर लिया है। पूरे विश्व से इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों में कुल 286 फिल्में प्राप्त हुई थीं। जिसमें प्रमुख रूप से भारत, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ताइवान, ऑस्ट्रेलिया, इटली, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, श्रीलंका, स्पेन, रोमानिया, पुर्तगाल, तुर्की, नॉर्वे, नेपाल, लीबिया, इजराइल, ब्राजील आदि देश शामिल हैं। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में आफिशियली सेलेक्ट फिल्मों की लिस्ट जारी करते हुए फेस्टिवल ज्यूरी चैयरमैन और डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. मोहन दास ने बताया कि ज्यूरी में मेरे सहयोगी ऑस्ट्रेलिया के चर्चित अभिनेता और एंकर चार्ल्स थॉमसन, फिल्म निर्देशक और लेखिका डॉ. अनुषा श्रीनिवासन अय्यर, संगीतकार और गीतकार राहुल बी सेठ, ईरान की फिल्म निर्माता और कला निर्देशक सना नोरोजबेगी और फिल्म निर्माता और निर्देशक दिब्य




चटर्जी शामिल थे।

**विभिन्न कैटेगरी में चयनित फिल्में :**

■ **ज्यूरी सदस्यों की लगी मुहर**
■ **दो से तीन दिसम्बर को चुनिंदा फिल्में प्रदर्शित की जाएगी**

फीचर फिल्म (भारत) में मंडली, रूप नगर के चीते, बाल नरेन, बनवारी की अम्मा, चिड़ियाखाना, सत्यशोधक, टीटू अंबानी, कृपया ध्यान दें, मैला, जिंदगी कशमकश, बेड नंबर 17, बाघ, हैंगमैन आदि।

**फीचर फिल्म ( अंतरराष्ट्रीय ) :** एनीमेशन फिल्म टेका एंड टुटी- ए नाइट एट द लाइब्रेरी फ्रॉम ब्राजील, द सेफ फ्रॉम स्विटजरलैंड, पॉसम किंगडम फ्रॉम यूनाइटेड स्टेट्स और ऑल पॉलिटिक्स इज लोकल फ्रॉम ऑस्ट्रेलिया, फ्लावर ब्लूम एंड वेट फॉर द ग्रूम टू कम, द सांग ऑफ स्प्रिंग, टाइगर मॉम, द वेकेशन शो, गो बियोंड, थ्रू लाइफ ऐंड डेथ, यू आर माइ यूथ, द ईयर ऑफ ब्लॉसम्स।

**शार्ट फिल्म ( भारत ) :** गठबंधन, बीड्स ऑफ ब्रेथ, वीरांगना, तमाशबीन, साइलेंट टाईज, थैंक्स मॉम, द मैजिक प्लेट, गुडबाय फॉरएवर, यस सर!, वैन गॉग, यू कम्प्लीट मी, टर्माइट, रैट इन द किचन, टू वर्ल्ड्स, स्वेच्छा, अगस्त्य-स्पेशल आर वेरी स्पेशल, कान्हाजी, बड़बोली भावना, बाजोना, इपसा, इयान पत्ता और साधु।

**डॉक्यूमेंट्री फिल्म :** आंगन ए ब्लूमिंग स्पेस, शलेचिये द्वारी, जनादा रिफ्लेक्शंस ऑफ लाइट एंड शेड और कटाई। पार्थ सारथी महानता, डीआइजी असम निर्देशित एनीमेशन फिल्म लछित द वॉरियर जो आईएफएफआई गोवा 2023 में प्रतियोगिता में शामिल हुई है और ब्लू गोल्ड कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रतियोगिता में शामिल हुई औस साथ ही पूरी वीएफएक्स फिल्म वेवलेंथ भी कोलकाता से चयनित हुई है।

**शार्ट फिल्म ( अंतरराष्ट्रीय ) :** यूएसए से द चाय वाला गाइ, द हार्ट्स आई, एंटर द रूम, परमिशन, ला पिएट्रा। नॉर्वे से मोर वुमन, मोर क्राई। कनाडा से लैमेंट। संयुक्त अरब अमीरात से द अपार्टमेंट। इजराइल से शो मी एवरीवन। श्रीलंका से टैंक्ड फिश। रोमानिया से एनिमल्स टॉक टू। स्पेन से टॉरनेडो टुमॉरो। इटली से होराइजन। यूके से घनीमह। इटली से लॉस एंड गेन इन ट्रांसलेशन और ताइवान से ग्रोइंग विद अवर फैमिली ट्री और साथ ही ताइवान से लव लॉस्ट एंड फाउंड। द चाइनीज पैकेज इनक्लूड्स गेज, फिल्थी सोल, द कनेक्शन, सॉलिडिफाइड स्टेयर्स, द ब्लू सन, गुड बाय सुसन, द टेस्ट ऑफ द सी और द फीमेल जनरल्स मोसतचे शामिल हैं। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक-निदेशक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि ज्यूरी सदस्यों द्वारा चयनित चुनिंदा सरोकारी फिल्में समारोह के दौरान प्रदर्शित एवं पुरस्कृत की जाएंगी। अयोध्या फिल्म समारोह स्थानीय और विश्व के सिनेमाप्रेमियों के बीच एक सेतु बना है। इस मंच पर तमाम कला प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका अवसर मिलता रहा है। कला को समेटे विविध आयोजन दो दिनों तक सतरंगी छटा बिखेरेंगे। शहीद-ए-वतन अशफाक उल्लाह खां और महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की स्मृति में प्रति वर्ष जनसहयोग से आयोजित हो रहा 'अयोध्या फिल्म फेस्टिवल' उत्तर प्रदेश का पहला फिल्म समारोह है।

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 27 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## अनुपम खेर मिले अपने पुराने दोस्त राजन लाल से, कहा- 'मेरे मुश्किल दिनों में दिया साथ'

**मुंबई।** अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए, अनुपम खेर ने अपने जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना सुनाई और अपने दोस्त राजन लाल को उनकी ज़रूरत के समय मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। अनुभवी अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर राजन के साथ अपना एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि दोस्तों, आज मैं आपको अपने एक बहुत प्यारे दोस्त राजन लाल से मिलवाना चाहता हूं। हर कोई उन्हें पहले से ही जानता है और मेरे करियर में मदद करने में उनकी भूमिका अहम रही है। मुझे वह समय याद है जब मैं मुंबई की गलियों में संघर्ष कर रहा था, वह राजन ही थे जो मेरी मदद के लिए आए थे और मैं इनका बेहद आभारी हूं। ऐसा खासतौर पर इसलिए है क्योंकि जब आप सबसे बुरे दौर में होते हैं तो कोई आपकी मदद नहीं करता है।

# वैज्ञानिकों ने की नवीन हाइड्रोजेल दवा की खोज

## दैनिक मधुमेह शॉट्स को घटाकर करेगी कम

**न्यूयॉर्क,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने एक नवीन हाइड्रोजेल दवा की खोज की है, जो कई गंभीर बीमारियों में वरदान साबित होगी। यह नई दवा मधुमेह और वजन नियंत्रण दवाओं जैसे ओजेम्पिक, मौन्जारो, ट्रुलिसिटी, विक्टोजा और अन्य के दैनिक या साप्ताहिक इंजेक्शन को हर चार महीने में सिर्फ एक बार में बदल देती है।

जबकि, सभी दवाएं हार्मोन ग्लूकागन-जैसे पेप्टाइड 1 (जीएलपी -1) की नकल करके काम करती हैं और लोगों को उनके आहार और उनके वजन को प्रबंधित करने में मदद करती हैं, सामान्य दैनिक या साप्ताहिक इंजेक्शन कई रोगियों के लिए बोझ हैं। नई हाइड्रोजेल प्रणाली कई महीनों तक आहार नियंत्रण दवाओं को धीमी गति से जारी करने की अनुमति देती है, जिसके बारे में शोधकर्ताओं का मानना है कि इससे मधुमेह और वजन दोनों के प्रबंधन में काफी सुधार होगा, रोगी के दवा अनुपालन में सुधार होगा और टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों को दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने में मदद मिलेगी। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग के



■ टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों को दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार

एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख अन्वेषक एरिक एपेल ने कहा कि टाइप 2 मधुमेह प्रबंधन में अनुपालन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। साल में केवल तीन शॉट्स से मधुमेह या मोटापे से ग्रस्त लोगों के लिए अपनी दवा के नियमों का पालन करना बहुत आसान हो जाएगा।

सेल रिपोर्ट्स मेडिसिन जर्नल में वर्णित हाइड्रोजेल के केंद्र में नैनोपार्टिकल्स की अनूठी भौतिक विशेषताएं हैं। उदाहरण के लिए, हाइड्रोजेल कोई नई बात नहीं है, आज बहुत से लोग हाइड्रोजेल से बने कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं। हाइड्रोजेल को पॉलिमर और नैनोपार्टिकल्स के साथ जोड़ा गया है जो एक-दूसरे से कमजोर रूप से बंधे होते हैं, ताकि जेल के रूप में एक साथ बने रहें और समय के साथ धीरे-धीरे नष्ट हो जाएं। हाइड्रोजेल पॉलिमर श्रृंखलाओं और नैनोपार्टिकल्स के एक जाल से बनता है जो दवा के अणुओं को तब तक पकड़कर रखता है जब तक कि जाल घुलकर दवाओं को मुक्त नहीं कर देता। एपेल ने बताया कि हमारा हाइड्रोजेल कई महीनों में पानी में घुलने वाले चीनी के क्यूब की तरह अणु दर अणु पिघल जाता है। अब तक टीम ने उच्च सफलता के साथ प्रयोगशाला चूहों में नई दवा वितरण प्रणाली का परीक्षण किया है। एपेल ने कहा कि चूहों में, इस हाइड्रोजेल-आधारित थेरेपी का एक इंजेक्शन एक प्रमुख व्यावसायिक दवा के दैनिक इंजेक्शन की तुलना में रक्त ग्लूकोज और वजन के प्रबंधन में सुधार करता है। अगला परीक्षण सूअरों में होगा, जिनकी त्वचा और अंत:स्त्रावी तंत्र मनुष्यों के समान हैं। यदि वे परीक्षण योजना के अनुसार चलते हैं, तो डेढ़ से दो साल के भीतर मानव नैदानिक परीक्षण देख सकता है।

# 12 सालों से कभी कोई सहानुभूति नहीं ली : जिग्ना वोरा

**मुंबई,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 17' से एविक्ट हुईं कंटेस्टेंट और पूर्व पत्रकार जिग्ना वोरा ने कहा है कि उन्होंने सहानुभूति हासिल करने के लिए कभी भी अपने अतीत के बारे में बात नहीं की। पिछले 12 सालों में उन्हें इसकी कभी जरूरत नहीं पड़ी और कभी भी नहीं पड़ेगी। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' में जिग्ना को 6 हफ्ते बाद बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।



मीडिया द्वारा यह पूछे जाने पर कि कई लोगों को लगता है कि शो में उन्हें गलत तरीके से जेल भेजे जाने की बात करके वह सिंपैथी कार्ड खेल रही हैं, जिग्ना ने कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता। 12 साल में मैंने कभी किसी से सहानुभूति नहीं ली, इसलिए मुझे इस प्लेटफॉर्म पर आकर सहानुभूति की जरूरत नहीं पड़ी।बिग बॉस के इतिहास में पहली बार मीडिया प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जहां जिग्ना मीडिया से बातचीत करती नजर आईं।


तब उन्होंने अपने अतीत के बारे में बात क्यों नहीं की?

बिग बॉस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने अतीत के बारे में बात न करना मेरा फैसला था। यह फैसला अचानक लिया गया था। मैं खुद नहीं जानती थी, जब आप किसी जगह पर लोगों के साथ 6 सप्ताह तक रहते हैं, तो हर कोई कहीं न कहीं अपने अतीत के बारे में बात करना पसंद करता है। मैं पूछने वालों के साथ अपने जीवन के सबक और अनुभव को साझा कर रही थी। क्या उन्हें लगता है कि उन्हें शो में कम दिखाया गया, जिग्ना ने कहा कि वह खानजादी और सना रईस खान की तरह चीख या चिल्ला नहीं सकतीं ताकि लोगों का ध्यान खींचा जा सके। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि मुझे कितना कम या ज्यादा दिखाया गया। मुझे कम देखा जा रहा था क्योंकि मेरी पर्सनैलिटी अलग है। सना हो या खानजादी, वे नोमिनेशन के बाद खुलकर सामने आती थीं। इन 40 दिनों में मेरा ग्राफ यही रहा है। मैं शो में गरिमापूर्ण और शालीनता से रही हूं। जिग्ना अपने हाउसमेट अरुण महशेट्टी को पीठ में छुरा घोंपने वाला कहती है।

### सुरक्षा शोधकर्ताओं ने किया खुलासा

# बड़े पैमाने पर फिशिंग को अंजाम देने के लिए हैकर्स टेलीग्राम बॉट का कर रहे हैं उपयोग

**सैन फ्रांसिस्को,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि गलत तत्व फ़िशिंग घोटाले को अंजाम देने के लिए बड़े पैमाने पर 'टेलीकोपी' नामक दुर्भावनापूर्ण टेलीग्राम बॉट का उपयोग कर रहे हैं।



ईएसईटी रिसर्च के सुरक्षा शोधकर्ता राडेक जिज़्बा के अनुसार, टेलीकोपी एक अत्यधिक परिष्कृत उपकरण है जो अपराधियों को विश्वसनीय फ़िशिंग वेबसाइट, ईमेल, एसएमएस संदेश और बहुत कुछ बनाने की अनुमति देता है। ख़तरनाक तत्वो का एक समूह निएंडरथल खुद को एक वैध कंपनी के रूप में पेश करने में कामयाब रहा है, जो उन्हें एक संरचित ढांचे के भीतर काम करने में सक्षम बनाता है।

रेटिंग, समीक्षा, पूर्ण व्यापार व उनके द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं के प्रकार जैसे कारकों का आधार

इच्छुक सदस्यों को भूमिगत मंचों के माध्यम से भर्ती किया जाता है और उन्हें विशिष्ट टेलीग्राम चैनलों तक पहुंच प्रदान की जाती है, जहां वे अन्य सदस्यों के साथ संवाद कर सकते हैं और चल रहे कार्यों की निगरानी कर सकते हैं।

निएंडरथल का अंतिम लक्ष्य तीन प्रकार के घोटालों - विक्रेता, खरीदार, या धनवापसी - में से एक को अंजाम देना है। रिपोर्ट में दिखाया गया है कि रिफंड घोटाले तब होते हैं जब निएंडरथल मैमथ्स (शिकार) को यह विश्वास दिलाने के लिए गुमराह करते हैं कि वे केवल उसी राशि को फिर से काटने के लिए रिफंड की पेशकश कर रहे हैं।

इन घोटालों को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए निएंडरथल विभिन्न प्रकार की रणनीतियों का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निएंडरथल अपना लक्ष्य लिंग, उम्र, ऑनलाइन मार्केटप्लेस में अनुभव, रेटिंग, समीक्षा, पूर्ण व्यापार और उनके द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं के प्रकार जैसे कारकों के आधार पर चुनते हैं, जो उन्हें अपने दृष्टिकोण को अनुकूलित करने और सफलता की संभावना बढ़ाने में मदद करता है। मैमथ्स को लुभाने के लिए, निएंडरथल फर्जी अपार्टमेंट लिस्टिंग बनाकर रियल एस्टेट धोखाधड़ी में भी संलग्न हैं।

# शिखा मिश्रा को मिला भाषा विज्ञान में गोल्ड मेडल

**भदोही,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले की शिखा मिश्रा को संपूर्णानंद विश्वविद्यालय वाराणसी के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा भाषा विज्ञान विषय में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। वेद प्रकाश मिश्रा की पुत्री शिखा मिश्रा को



शनिवार को इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस सफलता से शिखा ने जिले को गौरवान्वित किया और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के स्लोगन को सार्थक किया। प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय में प्राप्त कर उसके बाद सफलता के इस मुकाम पर पहुंचकर शिखा मिश्रा ने यह साबित कर दिया कि लड़कियों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। बशर्ते उन्हें अच्छा अवसर मिल जाए।

शिखा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, दादा और माता-पिता को दिया, जिन्होंने समय-समय पर उचित मार्गदर्शन कर उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान किया।

# स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का होता है वास, व्यायाम सबके लिए जरुरी

**भदोही,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही साइकिलिंग क्लब की ओर से रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज से प्रात:काल स्वास्थ्य जागरूकता साइकिल यात्रा निकाली गई। अताउल अंसारी के नेतृत्व में निकाली गई साइकिल यात्रा में शामिल प्रमुख चिकित्सक डॉ. एस एस यादव व पूर्व डिप्टी कमांडेंट मुरलीधर बिंद लोगों को जागरूक करते हुए बाबा तिलेश्वर नाथ धाम पहुंचे। बाबा तिलेश्वरनाथ धाम में प्रधान प्रतिनिधि जिलाजीत दुबे के साथ बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने साइकिल चालकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जागरुकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सुबह उठना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

साइकिल यात्रा तिलंगा, सुजातपुर आदि गांव का भ्रमण करते आनापुर पहुंची। इस दौरान लोग हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पूरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है,सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का उद्घोष करते हुए लोगों को सुबह उठने, योग, व्यायाम करने, साइकिल चलाने के फायदों की जानकारी दी।

गौतलब है कि गोपीगंज निवासी अताऊल अंसारी के नेतृत्व में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। उनकी इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

साइकिल यात्रा में मुख्य रूप से बेचन सिंह,सोहराब अली, अक्षय जायसवाल,अबरार हाश्मी, विनोद सिंह आर्मी, फ़िरोज़ अली, बद्रीनाथ मिश्रा, महमूद आलम,मंजूर आलम, फरहान अंसारी,नवाज़ अली, नायाब अंसारी, प्रवीण सिंह टंडन, इमरान अहमद सादिक हुसैन, सुशील सिंह आदि रहे।

# व्हाट्सएप ने लौटाया पुराना फीचर

**सैन फ्रांसिस्को,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप कथित तौर पर डेस्कटॉप ऐप से फोटो और वीडियो के लिए व्यू वन्स फीचर शुरू कर रहा है। यह फीचर एक साल पहले हटा दिया गया था।



■ मैकओएस और लिंक्ड डिवाइस पर भी उपयोग के लिए उपलब्ध

डब्ल्यूबीटा इंफो की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए व्हाट्सएप वेब और डेस्कटॉप से इस फीचर को हटा दिया था। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों में कंपनी ने इस फीचर को वापस लाने का फैसला किया।

डेस्कटॉप ऐप्स के जरिए भेज सकेंगे व्यू वन्स फोटो व वीडियो

रिपोर्ट के मुताबिक, विंडोज के लिए व्हाट्सएप पर ड्राइंग एडिटर में कैप्शन बार के भीतर व्यू वन्स मैसेज उपलब्ध होने पर इमेज को सेट करने का बटन उपलब्ध है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फीचर केवल विंडोज के लिए व्हाट्सएप तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यूजर्स के लिए मैकओएस और लिंक्ड डिवाइस पर भी उपयोग के लिए उपलब्ध है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'हाल ही में, व्हाट्सएप वेब पर फोटो और वीडियो के लिए व्यू वन्स का फीचर भी जारी किया गया है, जिससे विभिन्न प्लेटफार्मों पर फीचर्स की उपलब्धता बढ़ गई है।' रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि यह फीचर कुछ यूजर्स के लिए उपलब्ध है जो विंडोज के लिए व्हाट्सएप, मैकओएस के लिए व्हाट्सएप और व्हाट्सएप वेब के लेटेस्ट अपडेट इंस्टॉल करते हैं, और यह आने वाले हफ्तों में ज्यादा यूजर्स के लिए उपलब्ध हो रहा है।

